# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष: 13 | अंक: 175 | गौतमबुद्धनगर, शुक्रवार 24 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





P- 3
सेंट्रल नोएडा में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई





P- 4
सहारनपुर में पॉलिटेक्निक छात्र का मर्डर, गर्लफ्रेंड को आखिरी कॉल





P- 5
फिलिस्तीन को मान्यता देने वाले देशों पर भड़के नेतन्याहू, राजदूत बुलाए





P- 6
दिनेश कार्तिक ने आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को




## हैप्पी मॉर्निंग

बंटी- नर्स बार-बार कह रही थी, डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा। ये तो बस एक छोटा सा ऑपरेशन है।
सोनू- तो इस में डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी। बंटी- अबे, वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी।



## शायरी

अपना अच्छा-बुरा जनता को
खुद समझना चाहिए
इस बार तो ईवीम पर केवल
नोटा ही दबना चाहिए

## अर्थसार



संसेक्स:
75,418.04
+1,196.98 (1.61%)
निफ्टी:
22,967.65
+369.85

## मौसम



अधिकतम : 44 डिग्री से0
न्यूनतम : 31 डिग्री से
सूयोदय शनिवार : 5 : 34
सूर्यास्त शुक्रवार : 7 : 15

# ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रकिया में बदलाव, 1 जून से लागू

## नये नियम के तहत लाईसेंस लेने के लिए आरटीओ ड्राइविंग टेस्ट की आवश्यकता नहीं है

एजेंसी




नयी दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए नियमों में बदलाव किया है। मंत्रालय ने इस संबंध में जारी एक अधिसूचना में कहा है कि नये नियम एक जून से लागू होंगे। नए नियमों को सरल बनाया गया है ताकि लाइसेंस हासिल करने में लोगों को दिक्कत ना हो। नये नियम के तहत लाईसेंस लेने के लिए आरटीओ ड्राइविंग टेस्ट की आवश्यकता नहीं है। सरकार ने कहा है कि आवेदकों को अब आरटीओ कार्यालय में ड्राइविंग टेस्ट देने की बजाय मान्यता प्राप्त निजी ड्राइविंग स्कूलों में ही टेस्ट देना पड़ेगा। यदि आवेदक इन स्कूलों में परीक्षा उत्तीर्ण करता है तो उन्हें प्रमाण पत्र आरटीओ में दिखाना होगा और फिर परीक्षण दिए बिना वे ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकेंगे। मंत्रालय ने कहा है कि बिना लाइसेंस के कार चलाने पर जुर्माना 2,000 तक हो सकता है। नाबालिगों के मामले को गंभीर दंडनीय बताते हुए मंत्रालय ने कहा कि इसके लिए 25,000 का जुर्माना और माता-पिता के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही वाहन का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द किया जाएगा। वाहनों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचने के लिए मंत्रालय ने 9,000 पुराने सरकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने और अन्य वाहनों के लिए उत्सर्जन मानकों को बढ़ाने की योजना बनाई है। ये उपाय वाहन प्रदूषण को कम करने और इलेक्ट्रिक वाहनों अपनाने को बढ़ावा देने की रणनीति के तहत किया है।

# ठाणे : केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटा, 8 की मौत : 60 लोग घायल

## धमाके 3 किमी दूर तक सुनाई दिए, आसपास के कई घरों को नुकसान



मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली में गुरुवार दोपहर 1.40 बजे एक केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटने से आग लग गई। हादसे में 8 की मौत हो गई और 60 लोग घायल हो गए। मरने वालों में 5 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। यह फैक्ट्री महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम यानी एमआईडीसी फेज -2 के कैंपस में स्थित है। स्थानीय लोगों ने बताया कि छोटे-छोटे लगातार तीन धमाके हुए। ये इतने तेज थे कि लगभग 3 किमी तक सुनाई दिए। आसपास की इमारतों के शीशों में दरारें आ गई। वहीं, विस्फोट की वजह से आसपास के कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है।

राज्य के इंडस्ट्रीज मिनिस्टर उदय सामंत के मुताबिक, यह फैक्ट्री बंद थी। मरने वालों में ज्यादातर लोग पास की फैक्ट्री के हैं। हादसे के वक्त वे उसमें काम कर रहे थे।

### फडणवीस बोले- 8 लोग सस्पेंड

डोंबिवली आग की घटना पर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि डोंबिवली की केमिकल कंपनी में बॉयलर विस्फोट की घटना दुखद है। मामले में 8 लोगों को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि घायलों के इलाज की व्यवस्था की गई। कई एम्बुलेंस तैयार रखी गई। मैंने कलेक्टर से चर्चा की है और वह भी 10 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचें। NDRF, TDRF और फायर ब्रिगेड की टीमों को भी बुलाया गया।

# बंगाल में खूनी सियासत, भाजपा महिला कार्यकर्ता की हत्या के बाद बवाल

## पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया




लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान से ठीक दो दिन पहले पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक महिला कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। तमलुक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नंदीग्राम सीट पर 25 मई, शनिवार को मतदान होगा। राज्य में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी इस सीट से सांसद रह चुके हैं। उनका यहां खासा प्रभाव माना जाता है।

नंदीग्राम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान वाहनों के टायर जलाए, सड़कें अवरुद्ध कीं और दुकानें बंद कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनाचूरा गांव में भाजपा कार्यकर्ता रथिबाला अरहि (38) की तृणमूल कांग्रेस (तृणमूल) समर्थित अपराधियों ने हत्या की है। पुलिस ने बताया कि दंगाई भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इलाके में पुलिस और द्रुत कार्य बल (आरएएफ) की एक वृहद टुकड़ी तैनात की गई है। कथित हत्या के संबंध में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

भाजपा के एक स्थानीय नेता ने बताया कि प्रदर्शन के तहत पार्टी ने पहले नंदीग्राम में बंद का आह्वान किया था, लेकिन बाद में इस फैसले को वापस ले लिया।

# लेडी श्रीराम कॉलेज में ब्लास्ट की धमकी

## बम स्क्वॉड की टीम को एक्टिव किया गया; 22 दिन में ऐसी छठी घटना




नई दिल्ली। दिल्ली के स्कूलों, अस्पतालों, एयरपोर्ट के बाद अब दिल्ली यूनिवर्सिटी के लेडी श्रीराम कॉलेज को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, डीयू के लेडी श्रीराम कॉलेज को बम से उड़ाने को लेकर कॉल आई है। इसके बाद मौके पर दमकल की दो गाड़ियां भेजी गईं। दिल्ली पुलिस, बम स्क्वॉड की टीम को भी एक्टिव किया गया। हालांकि, जांच के बाद कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिला है। इस महीने एक मई से यानी 23 दिन में बम धमकी की ये सातवीं घटना है। इससे एक दिन पहले बुधवार को गृह मंत्रालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसी महीने की शुरुआत में दिल्ली-एनसीआर के करीब 100 से ज्यादा स्कूलों को ऐसी ही धमकी वाला ईमेल मिला था। 8 दिन पहले भी दिल्ली के 7 बड़े अस्पतालों और देश के सबसे सुरक्षित जेल तहाड़ को भी बम से उड़ाने वाले मेल भेजे गए थे। इसके पहले 10 से ज्यादा एसरपोर्ट को भी ऐसी धमकी मिल चुकी है।

**गर्मी का कहर** | **अहमदाबाद-गांधीनगर में 2 दिन रेड अलर्ट; केरल में भारी बारिश से 4 की मौत**

# भीषण गर्मी : राजस्थान में 48.8 डिग्री सेल्सियस टेम्परेचर, 8 की मौत

नई दिल्ली। उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। गुरुवार (22 मई) को देश में सबसे गर्म शहर राजस्थान का बाड़मेर रहा। यहां अधिकतम तापमान 48.8 सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश में हीट वेव से 8 लोगों की मौत हो गई। जैसलमेर से सटी भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर टेम्परेचर 53 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बीएसएफ ने इसका वीडियो भी शेयर किया। राजस्थान में आने वाले दिनों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। अहमदाबाद और गांधीनगर में आज और कल (23-24 मई) के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक,



रात 10 बजे भी टेम्परेचर 40 डिग्री रहेगा। वहीं, केरल में भारी बारिश के चलते 4 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने 9 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट (24 घंटे में 11 से 20 सेमी बारिश) जारी किया है।

मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में चार दिन के लिए हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र में भी लू का अलर्ट है।

बुधवार को कश्मीर में भी सीजन की पहली हीटवेव चली थी। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश छोड़कर हीटवेव के अलर्ट वाले राज्यों के 50 से ज्यादा शहरों में लगातार आठवें दिन तापमान 43 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग ने कहा है कि राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में आने वाले 5 दिनों तक तापमान 44 डिग्री के पार ही बना रहेगा। वहीं, पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना में तापमान 40 से 44 डिग्री के बीच रहेगा।

उधर, दक्षिण भारत के राज्यों में गर्मी से राहत देखने को मिल रही है। यहां बारिश का दौर चल रहा है। केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में भी आज बारिश का अलर्ट है।

### गोवा में बिजली गिरने से 6 फ्लाइट्स डायवर्ट

गोवा में बुधवार को बिजली गिरने के कारण मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की रनवे की लाइट खराब हो गई। इससे 6 फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा।

एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने कहा- बुधवार शाम करीब 5 बजे बिजली गिरी थी। रनवे की लाइट्स 8 बजे तक ठीक कर ली गईं। ऐसी प्राकृतिक आपदा हमारे कंट्रोल में नहीं रहतीं। पैसेंजर्स को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है।

# लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 62.2 प्रतिशत मतदान

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों के लिए 62.2 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने अधिकार का इस्तेमाल किया।

निर्वाचन आयोग ने गुरूवार को बताया कि इस चरण के लिए 20 मई को वोट डाले गये थे और सभी 49 सीटों पर 62.2 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पुरूषों का मतदान प्रतिशत 61.48 जबकि महिलाओं का 63 प्रतिशत रहा। इसके अलावा उभयलिंगी मतदाताओं का प्रतिशत 21.96 रहा। आयोग के अनुसार सबसे अधिक 78.45 प्रतिशत मतदान पश्चिम बंगाल में दर्ज किया गया। बिहार में 56.76, जम्मू कश्मीर में 59.10, झारखंड में 63.21, लद्दाख में 71.82, महाराष्ट्र में 56.89, ओडिशा में 73.50 और उत्तर प्रदेश में 58.02 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने अधिकार का इस्तेमाल किया। आयोग ने बताया है कि ओड़िशा के कंधमाल में दो मतदान केन्द्रों पर आज पुनर्मतदान हो रहा है इसलिए मतदान का प्रतिशत और बढेगा। पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिशा और बिहार की पांच-पांच, झारखंड की तीन और जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख की एक-एक सीट के लिए वोट डाले गये थे।

पांचवें चरण के मतदान के साथ कुल 543 सीटों में से 428 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है।

# सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया

## सभी के शव और हथियार बरामद; ऑपरेशन पर निकले थे 1000 से ज्यादा जवान



जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने गुरुवार को 7 नक्सलियों को मार गिराया। 2 माओवादियों की बॉडी नारायणपुर पुलिस और 5 नक्सलियों के शव अबूझमाड़ पुलिस ने बरामद की है।

घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार भी मिले हैं। बीजापुर, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई।

पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के रेकावाया इलाके में बड़े कैडर के नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस फोर्स ने संयुक्त ऑपरेशन लॉन्च किया। जिसमें दंतेवाड़ा, बस्तर और नारायणपुर जिले से डीआरजी और एसटीएफ के लगभग 1 हजार से ज्यादा जवान ऑपरेशन पर निकले थे।

### 18 मई को सुकमा में मारा गया था हार्डकोर नक्सली

सुकमा जिले में शनिवार (18 मई) सुबह डीआरजी जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक हार्डकोर इनामी नक्सली मारा गया था। मौके से जवानों ने नक्सली के शव के साथ हथियार समेत भारी मात्रा में विस्फोटक और नक्सल सामग्री बरामद किया। मुठभेड़ पोलमपल्ली थाना इलाके के बंजारापारा के जंगल-नाला के बीच हुई थी।

# डीयू में 'चुनाव का बहिष्कार करो', 'नक्सलबाड़ी जिंदाबाद' के नारे


नयी दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर के राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) की दीवार पर 'चुनाव का बहिष्कार करो', 'नक्सलबाड़ी जिंदाबाद', 'मार्क्सवाद जिंदाबाद' जैसे नारे लिखे जाने के मामले में पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

अभाविप इस संबंध में मौरिस नगर थाने में शिकायत दर्ज करायी है और इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और नारों को तत्काल मिटाने की मॉंग की है। परिषद ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जहां दिल्ली का युवा मतदाता लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेने के लिए उत्साहित है, तो वहीं कॉलेज की दीवार पर इस तरह के अलोकतांत्रिक नारे लिखे गए।


अभाविप इसका कड़ा विरोध करती है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मॉंग करती है।







# संपादकीय



## युवाओं की बेरोज़गारी : एक राष्ट्रीय चुनौती



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### राहत इंदौरी साहब के शब्दों से शुरुआत करता हूँ

दिलों में आग, लबों पर गुलाब रखते हैं,
सभी के हाथ में एक आब–ओ–शराब रखते हैं।
हम अपना दर्द छुपाते हैं मुस्कुराहट में,
मगर ये लोग बेरोज़गारी का हिसाब रखते हैं।

भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन देश की जनसंख्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, विशेषकर युवा, आज बेरोजगारी के गंभीर संकट का सामना कर रहा है। यह समस्या न केवल आर्थिक विकास को प्रभावित करती है, बल्कि सामाजिक स्थिरता और राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी गंभीर प्रभाव डालती है।

### वर्तमान परिदृश्य

भारत की जनसंख्या का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम आयु का है। यह युवा जनसंख्या देश की सबसे बड़ी संपत्ति हो सकती है, लेकिन वर्तमान में यह एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है, लेकिन रोजगार के अवसर उस गति से नहीं बढ़ रहे हैं।

### बेरोजगारी के कारण

1. शिक्षा और कौशल का असंगत होना *– भारत की शिक्षा प्रणाली और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच एक बड़ा अंतर है। अधिकांश विश्वविद्यालय और कॉलेज थ्योरी आधारित शिक्षा प्रदान करते हैं, जबकि उद्योग को व्यावहारिक और तकनीकी कौशल की आवश्यकता होती है।
2. आर्थिक मंदी: वैश्विक आर्थिक मंदी और आंतरिक आर्थिक समस्याओं के कारण नए व्यवसायों और उद्योगों का विस्तार रुक गया है। इससे रोजगार के नए अवसर नहीं बन पा रहे हैं।
3. अधोसंरचना की कमी : ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में अधोसंरचना और उद्योगों की कमी है, जिससे इन क्षेत्रों के युवा बड़ी संख्या में बेरोजगार हैं।
4. नौकरी के अवसरों का असमान वितरण: अधिकांश रोजगार के अवसर बड़े शहरों में केंद्रित हैं, जिससे ग्रामीण और छोटे शहरों के युवाओं को पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाते हैं।

### संभावित समाधान

1. शिक्षा प्रणाली में सुधार : शिक्षा प्रणाली में सुधार करते हुए उसे उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना होगा। व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देना आवश्यक है।
2. स्टार्टअप और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना *– सरकार को स्टार्टअप्स और छोटे व्यवसायों को प्रोत्साहित करने के लिए अधिक सुविधाएं और वित्तीय समर्थन प्रदान करना चाहिए। इससे नए रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में विकास : ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास और उद्योगों की स्थापना से ग्रामीण युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलेंगे।
4. *नवीन प्रौद्योगिकी का उपयोग : तकनीकी शिक्षा और डिजिटल कौशल को बढ़ावा देकर युवाओं को नए युग के रोजगार के अवसरों के लिए तैयार किया जा सकता है।

### निष्कर्ष

भारत के युवा बेरोजगारी की समस्या को केवल सरकारी प्रयासों से नहीं सुलझाया जा सकता है। इसके लिए शैक्षिक संस्थानों, उद्योगों और समाज के सभी वर्गों को मिलकर काम करना होगा। एक समन्वित प्रयास से ही हम इस चुनौती का सामना कर सकते हैं और अपने युवाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। युवाओं की ऊर्जा और क्षमता का सही दिशा में उपयोग करके ही भारत अपने विकास के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है।

### गुलज़ार साहब के शब्दों के साथ अपनी बात ख़त्म करता हूँ

वक़्त से पहले हादसों से लड़ा हूँ,
मैं अपनी उम्र से कई साल बड़ा हूँ।
बेरोज़गारी का ग़म न पूछो यारों,
अब हर शख़्स से लड़ने का हुनर आ गया है।

उम्मीद है कि यह संपादकीय हमारी युवा पीढ़ी की चुनौतियों और उनके समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## पुणे की घटना में हो सख्त कानूनी कार्रवाई

पुणे में एक नाबालिग के शराब पीकर अंधाधुंध गाड़ी चलाने और दो लोगों को टक्कर मार कर मौत के घाट उतार देने की घटना इसका ताजा उदाहरण है। इस घटना से सड़क हादसों पर लगाम न लग पाने की कई परतें खुलती हैं। विचित्र है कि ऐसी घटनाओं को लेकर खुद पुलिस और अदालतें तक गंभीर नजर नहीं आतीं।

सड़क हादसों पर काबू पाने के इरादे से मोटर वाहन अधिनियम को कड़ा बनाया गया, परिवहन कानून तोड़ने पर सजा और जुर्माने की रकम काफी बढ़ा दी गई, ताकि लोगों की सड़कों पर मनमानी की आदत कम हो। मगर इन सब उपायों का अपेक्षित असर नजर नहीं आता। हर वर्ष सड़क हादसे कुछ बढ़े हुए ही दर्ज होते हैं। इनमें नशा करके बेलगाम रफ्तार से गाड़ी चलाने की घटनाएं अधिक देखी जाती हैं।

पुणे में एक नाबालिग के शराब पीकर अंधाधुंध गाड़ी चलाने और दो लोगों को टक्कर मार कर मौत के घाट उतार देने की घटना इसका ताजा उदाहरण है। इस घटना से सड़क हादसों पर लगाम न लग पाने की कई परतें खुलती हैं। विचित्र है कि ऐसी घटनाओं को लेकर खुद पुलिस और अदालतें तक गंभीर नजर नहीं आतीं।


गौरतलब है कि पुणे में सत्रह वर्ष का एक किशोर अपने पिता की महंगी कार लेकर रात को दोस्तों के साथ मौज–मस्ती करने निकला। दो शराबखानों में जाकर उन्होंने शराब पी, फिर तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए सड़क पर निकले और शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात को मोटरसाइकिल पर सवार दो युवाओं को टक्कर मार दी। दोनों की वहीं मौत हो गई।

इस घटना पर लोगों का ध्यान तब गया, जब आरोपी को गिरफ्तार करने के पंद्रह घंटे के भीतर कुछ आसान शर्तों के साथ रिहा कर दिया गया। उसमें आरोपी को पंद्रह दिन तक ट्रैफिक पुलिस की यातायात संचालन में मदद करने, तीन सौ शब्दों में यातायात व्यवस्था पर निबंध लिखने और शराब की लत छोड़ने के लिए परामर्श केंद्र की मदद लेने जैसी शर्तें रखी गई थीं।

इस फैसले को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हुई तो महाराष्ट्र पुलिस सक्रिय हुई और दुबारा मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अभी तक की जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य हाथ लगे हैं। आरोपी किशोर का पिता पुणे का अमीर भवन निर्माता है।

# राजनैतिक रूप से पूर्वांचल का है अलग मिजाज

अजय कुमार




पूर्वांचल की 27 सीटों पर इंडिया गठबंधन तू चल मैं आता हूं की तर्ज पर कार्य कर रही है। सपा और कांग्रेस इस इलाके को सियासी तौर पर उपजाऊ मानती है। यही वजह है कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की जिन सीटों पर जनसभा हो रही है, उन पर निगाह रखी जा रही है।

उत्तर प्रदेश में पांच चरण के मतदान के बाद अब राजनैतिक ताकतों का पूरा फोकस पूर्वांचल की 27 लोकसभा सीटों पर आकर टिक गया हैं। पूर्वांचल में पूरे प्रदेश से अलग सियासी बयार बहती है। यह क्षेत्र राजनैतिक रूप से काफी सशक्त भीर है। यहां के लोगों की रग–रग में सियासत देखने को मिल जाती है। तमाम बड़े और दिग्गज नेताओं को भी पूर्वांचल की धरती काफी रास आती है। यहां से निकले नेताओं ने देश–विदेश में खूब नाम कमाया है। पूर्व प्रधानमंत्रियों में पंडित जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, वीपी सिंह, चन्द्रशेखर यही की धरती से निकलकर सियासत की बुलंदी पर पहुंचे थे। पूर्वांचल से सर्वाधिक बार निर्वाचित होने वाले सांसदों की सूची पर नजर डालें तो बलिया की धरती के रहने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर 1977 से 1991 तक के बीच में बलिया से रिकॉर्ड 8 बार सांसद निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा बलिया के चंद्रशेखर ने सीधे सांसद से प्रधानमंत्री बनने तक का सफर तय किया है। इन 27 सीटों में एक सीट वाराणसी की भी है, जहां से मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। यह उनका तीसरा लोकसभा चुनाव है। मोदी की जीत में कहीं कोई संदेह नहीं है, यहां तक की सपा प्रमुख अखिलेश यादव तक ने यहां से मोदी की जीत की भविष्यवाणी कर दी है। हॉ, यह और बात है कि वह यहां से तीसरी बार चुनाव जीत कर प्रधानमंत्री के रूप में भी हैट्रिक लगा पायेंगे। इस बार यदि मोदी फिर से पीएम बनते हैं तो वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के लगातार तीन कार्यकाल में प्रधानमंत्री बनने के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। इसको लेकर बीजेपी तो पूरी तरह से आत्मविश्वास से भरी हुई है, लेकिन विपक्ष को यही लगता है कि अबकी से मोदी बुरी तरह से हार रहे हैं।

खैर, मुद्दे पर आया जाये तो पूर्वांचल ने देश को देश की पहली मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी जैसी नेत्री दी तो संपूर्णानंद, कमलापति त्रिपाठी, वीर बहादुर सिंह और राम नरेश यादव जैसे मुख्यमंत्री यूपी को दिए। इतना ही नहीं सीपीएन सिंह, महावीर प्रसाद, कल्पनाथ राय, सुखदेव प्रसाद, केडी मालवीय, आरपीएन सिंह और कलराज मिश्र जैसे नेता पूर्वांचल से निकल कर केंद्रीय सरकारों में महत्वपूर्ण पदों पर हैं और रहे। सोशलिस्ट पार्टी के नेता बाबू गेंदा लाल से लेकर कम्युनिस्ट नेता सिवन लाल सक्सेना जैसे नेताओं ने पूर्वांचल से राजनीति की। हरिशंकर तिवारी, मार्कंडेय चंद्र, बलराम यादव, जगदम्बिका पाल, राम गोविंद चौधरी, अम्बिका चौधरी जैसे पूर्वांचल के कद्दावर नेता राज्य सरकारों में मंत्री रहे। वर्तमान में सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ ही सात कैबिनेट सहित कई मंत्री पूर्वांचल से हैं। इसके लिए इंडिया और एनडीए ने ताकत झोंक दी है। खास बात यह है कि इसी क्षेत्र में एनडीए गठबंधन में शामिल सुभासपा, निषाद पार्टी और अपना दल की प्रतिष्ठा दांव पर हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में भी चुनाव है। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन में शामिल तृणमूल कांग्रेस को एक और कांग्रेस को पांच सीटें मिली हैं। इन सीटों को पर कांग्रेस और सपा ने फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को उतार दिया है। पूर्वांचल की 27 लोकसभा सीटों पर एक–एक वोट का हिसाब रखा जा रहा है।

यूपी के पश्चिमी, मध्य और बुंदेलखंड के इलाकों में चुनाव होने के बाद सभी दलों के आलाकमान ने यहां के ज्यादातर नेताओं को इन्हीं 27 सीटों पर उतार दिया गया है। भाजपा ने वाराणसी में महिला सम्मेलन के जरिए नया प्रयोग किया है तो आसपास की सीटों पर प्रचार का नया मॉडल अपनाया है। पार्टी की ओर से पूर्वांचल की सीटों पर जल जीवन मिशन, मकान और शौचालय हित अन्य योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थियों की ब्लॉकवार सूची निकाली गई है। इस सूची के जरिए मतदाताओं तक पहुंच कर उन्हें समझाने का प्रयास किया जा रहा है। हर विधानसभा को तीन से चार हिस्से में बांट कर वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में बैठकें की जा रही है। इतना ही नहीं पार्टी ने नई रणनीति के तहत समूह बैठक तय की है। इसमें डॉक्टर, इंजीनियर, कपड़ा कारोबारी, दवा व्यापारी की बैठकें तय की गई हैं। उदाहरण के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नेताओं को इसी क्षेत्र के लोगों से मिलने का लक्ष्य दिया है। इसके लिए बाकायदे विधानसभा क्षेत्रवार सूची सौंपी गई है। खास बात यह है कि पिछड़े वर्ग पर ज्यादा फोकस किया गया है। यही वजह है कि पिछड़े वर्ग की जहां जिस जाति की आबादी है, उस क्षेत्र में उसी बिरादरी के नेताओं को भेजा गया है। भाजपा पिछड़ा वर्ग काशी क्षेत्र के महामंत्री सुभाष कुशवाहा ने बताया कि वाराणसी और आसपास की सीटों पर इटावा, एटा, फर्रूखाबाद, मैनपुरी सहित सैफई के आसपास के यादव नेताओं को उतार दिया गया है। इसी तरह निषाद बहुल इलाके में इसी बिरादरी के नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।


उधर, पूर्वांचल की 27 सीटों पर इंडिया गठबंधन तू चल मैं आता हूं की तर्ज पर कार्य कर रही है। सपा और कांग्रेस इस इलाके को सियासी तौर पर उपजाऊ मानती है। यही वजह है कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की जिन सीटों पर जनसभा हो रही है, उन पर निगाह रखी जा रही है। इसके लिए कांग्रेस ने अलग से टीम लगाई है। यह टीम नेताओं के कार्यक्रम और उनके द्वारा जनसभा में उठाए गए सवाल का जवाब तैयार कर अपने नेताओं को भेज रही है। इतना ही नहीं अगले दो से तीन दिन में संबंधित इलाके में न सिर्फ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की सभा लगाई जा रही है बल्कि उन सीटों पर मतदाताओं को लुभाने के लिए नई रणनीति अपनाई जा रही है। कांग्रेस और सपा ने पूर्वांचल की 27 सीटों के लिए रायबरेली–अमेठी मॉडल को भी लागू किया है। विधानसभा क्षेत्र को सेक्टर में बांट कर बूथों पर जिस बिरादरी का वोटबैंक हैं, उसी बिरादरी के नेता को लगाया गया है। इन दोनों पार्टियों ने यादव, मुसलमान के अलावा अन्य जातियों के नेताओं को जिम्मेदारी देने पर जोर दिया है। ब्राह्मण बहुल इलाके की जिम्मेदारी खुद कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने संभाली है। वह दिन में सपा–कांग्रेस के नेताओं के बीच समन्वय बैठकें कर रहे हैं तो रात में ब्राह्मण बहुल इलाके में रात्रि चौपाल लगा रहे हैं। इसी तरह सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजपाल कश्यप निषाद, कश्यप, बिंद बिरादरी के बीच रात्रिकाली बैठकें करने में जुटे हैं। डा. कश्यप का दावा है कि सपा की ओर से निषाद बिरादरी के पांच प्रत्याशी उतारने का फायदा मिल रहा है।

छठवें चरण की 14 सीटें और सातवें चरण की 13 सीटें पर कई दिग्गज मैदान में हैं।

इसमें सुल्तानपुर से मेनका गांधी, आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, भदोही से तृणमूल कांग्रेस के ललितेशपति त्रिपाठी, इलाहाबाद से उज्जवल रमण सिंह, जौनपुर से महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री कृपाशंकर सिंह जैसे नामचीन चेहरे हैं। वाराणसी से खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, मिर्जापुर से अपना दल की अनुप्रिया पटेल, घोसी से सुभासपा के अरविंद राजभर मैदान में हैं। इसी क्षेत्र में निषाद पार्टी का भी वजूद है। ऐसे में इन सभी दलों के मुखिया से लेकर बूथ सदस्य तक गांव– गांव वोट मांग रहे हैं।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3191




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता।

उदाहरण:



### काकुरो - 3190 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी (प्रेमिका से)– मुझे समझ में नहीं आता कि भगवान ने तुम्हें इतना सुंदर बनाने के साथ–साथ इतना मूर्ख क्यों बनाया?

प्रेमिका– ताकि हम दोनों का मिलन हो सके।

प्रेमी– वह कैसे?

प्रेमिका– मैं सुंदर थी इसलिए तुम आकर्षित हुए और मैं मूर्ख थी इसलिए तुम्हे पसंद किया...! समझे।

□ □ □

प्रेमी अपने साथ पढ़ रही प्रेमिका से– प्रिये! देखों मैं धोखा खा गया।

प्रेमिका– कैसे, कब और हुआ क्या?

प्रेमी– मैंने तुम्हें मोबाइल दिलाने के लिए घर वालों से झूठ बोलकर किताबों के नाम से पैसे मँगाए थे। उन्होंने किताबें ही भेज दीं।

□ □ □


प्रेमी (प्रेमिका से)– अभी यहाँ तुम्हारे पास आते समय रास्ते में कहीं मेरी कलम कहीं खो गई।

प्रेमिका– मेरी तो आज तक कभी कोई चीज नहीं खोई।

प्रेमी– क्यों झूठ बोल रही हो? प्रेम दिवस के दिन ही तो तुम कह रही थी कि मेरा दिल न जाने कहाँ खो गया है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3191



### बायें से दायें:-

१. 'ये जीवन है इस जीवन का यही है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. राकेश रोशन, शत्रुघ्न सिन्हा, रीनाराय, रंजीता की फिल्म-४
६. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'ऐसा कोई जिंदगी में' गीत वाली फिल्म-२
८. राजकिरण, जावेद खान की फिल्म-३
१०. 'है ना बोलो' गीत वाली फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, निम्मी की फिल्म-३
१४. 'देख सकता हूँ मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-४
१७. अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१९. 'आई जो तेरी याद' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'तक्षक' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२१. शाहरूख, प्रियंका की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीतवाली फिल्म-२
२२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, जैकी, शत्रुघ्न, रवीना, लारा की फिल्म-२
२३. धर्मेन्द्र, जीतेंद्र, हेमा की फिल्म-३
२५. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२६. फिरोज, संजय, मुमताज की 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'झोंपडी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२९. राजकपूर (डबल रोल), नर्गिस की 'आ जाने बहार' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'फूल मांगूं ना बहार मांगूं' गीत वाली फिल्म-२
३१. कमल हासन, सनी, डिम्पल की फिल्म-३
३२. फिल्म 'तपस्या' की नायिका?-२
३३. अभिनेत्री 'मनीषा कोइराला' किस देश की रहने वाली है-३


### ऊपर से नीचे:-

१. 'नदिया किनारे आओ' गीत वाली संजय दत्त, आफताभ, नंदिता दास की फिल्म-२
२. अमिताभ, अमजद, नीतूसिंह की 'सारा जमाना हसीनों का' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दो दिवाने शहर में' गीत वाली अमोल पालेकर, जरीना वहाब की फिल्म-३
४. नसीरूद्दीनशाह, जैकी श्रॉफ, नगमा की 'मैं प्यासी नदिया' गीत वाली फिल्म-२
५. 'लिखे जो खत तुझे वो तेरी' गीत वाली शशिकपूर, आशा पारेख की फिल्म-४
७. मनोजकुमार, आशा पारेख की 'लो आ गई उन की याद' गीत वाली फिल्म-१,३
९. 'दो नैनों में आँसू भरे हैं' गीत वाली जीतेंद्र, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
११. जॉय मुखर्जी, माला, शर्मिलाकी 'वो हसीन दर्द देदो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'इस सो पहले कि याद तू आए' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१५. 'परिचय' में जीतेंद्र की नायिका?-२
१६. करण दीवान, स्वर्णलता की 'जब तुम ही चले परदेस' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तन मन धन सब है' गीत वाली संजीवकुमार, लीना की फिल्म-४
२२. गुरूदत्त, शकीला, श्यामा की 'बाबू जी धीरे चलना' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. रेखा, दिलीपकुमार, ममता की फिल्म-२
२४. शाहरूख, विवेक मुशरान, जूही की 'अपुन की लाइफ' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'तेरे प्यार का' गीत वाली आफताब शिवदासनी, युक्ता मुखी की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3190



## सूडोकु -3191



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु -3190 का हल



## शब्द पहेली - 3191



### बाएँ से दाएँ

1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

### ऊपर से नीचे

1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

### शब्द पहेली -3190 का हल



# सेंट्रल नोएडा में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़

## दो बदमाशों को पैर में लगी गोली, दर्जनों वारदातों को दे चुके हैं अंजाम



गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा में बिसरख थाना पुलिस की बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है ,यह बदमाश बड़े ही शातिर किस्म के हैं, जो चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम दिया करते थे।

बुधवार रात्रि में थाना बिसरख पुलिस ने चेकिंग के दौरान अजनारा गोल चक्कर के पास एक जिक्सर मोटरसाइकिल को चेकिंग के लिए रोका ,उसपर 2 संदिग्ध व्यक्ति सवार थे, जब उन्हें चेकिंग के लिए रोका गया तो मोटरसाइकिल सवार बदमाश मोटरसाइकिल वापस मोड़कर भागने लगे, जिनका पीछा करने पर बदमाशो द्वारा मोटरसाइकिल से उतरकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से अवैध असलहा से फायर किया गया।

### फायरिंग में दोनों बदमाशो के पैर में लगी गोली

पुलिस के द्वारा भी इस दौरान जवाबी फायरिंग की गई पुलिस द्वारा की गयी फायरिंग में दोनों बदमाशो के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर गए।बदमाशो की पहचान सोनू निवासी बाजपट्टी सीतामढी, बिहार व समीर खान निवासी अडारी बाजार, थाना दीपुर खगडिया, बिहार के रूप में हुई। पैर में गोली लगने के कारण घायल अवस्था में दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

### 2 अवैध तमंचे बरामद

घायल बदमाशों के कब्जे से 02 अवैध तमंचे मय 02 खोखा कारतूस व 02 जिन्दा कारतूस, 01 चेन पीली धातु व एक मोटरसाइकिल जिक्सर बरामद हुई है। बदमाशो ने पूछने पर बताया कि यह चेन उनके द्वारा एक महिला से करीब 19 दिन पहले राधा स्काई गार्डन सोसाइटी के गेट नं0-1 से छीनी गयी थी तथा मोटरसाइकिल उनके द्वारा तिलकनगर, दिल्ली से चोरी की गयी थी।

### चैन लूट की वारदातों को देते थे अंजाम

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया ने बताया कि यह दोनों ही बदमाश बड़े शातिर किस्म के है।यह दोनों चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर चैन लूट की वारदातों को अंजाम दिया करते थे, फिलहाल दोनों बदमाशों को घायल अवस्था में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है और उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। इनके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

## फर्जी एप से बुजुर्ग से ठगे 18 लाख वापस कराए

ग्रेटर नोएडा। पुलिस ने सेक्टर अल्फा-2 निवासी बुजुर्ग (70) की जमा पूंजी साइबर ठगों के हाथों में जाने से बचा ली। पीड़ित और पुलिस की सतर्कता से फर्जी शेयर मार्केटिंग एप के जरिये की गई 18.16 लाख रुपये वापस करा लिए गए। थाना बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर अल्फा-2 निवासी बुजुर्ग बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी से रिटायर हुए थे। कुछ दिनों पहले फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप के प्रतिनिधियों ने उन्हें फोन पर संपर्क किया। निवेश पर मुनाफे का लालच देकर उनका अकाउंट खुलवा दिया गया। लालच में आकर उन्होंने आईपीओ में पैसा लगा दिया। साइबर ठगों ने उनके खाते में अच्छा खासा लाभ दिखाया। लालच आने पर धीरे-धीरे कर करीब 18 लाख रुपये निवेश कर दिए। इस बीच जरूरत पड़ने पर बुजुर्ग ने पैसे निकालने की कोशिश की। इस पर ट्रेडिंग एप की ओर से कहा गया कि रकम पर आयकर भरना है वह 18 लाख के हिसाब से आयकर जमा कर दें। एप पर आयकर की रकम जमा करने के बाद उनसे सिक्योरिटी फीस जमा करने को कहा गया। यह सुनकर उन्हें शक हुआ। उन्होंन एप वालों से बहस नहीं कर पूरी बात थाना बीटा-2 की साइबर सेल को बताई। इसके बाद साइबर सेल वालों ने एप को सर्विलांस पर ले लिया। पुलिस ने बैंक से संपर्क कर पैसों का ट्रांजेक्शन रुकवाया। पीड़ित के 18.16 लाख रुपये खाते में वापस करा दिए।

# नोएडा के तीन बाजारों को बनाया जाएगा मॉडल

## डिजाइन किया गया अप्रूव, 7.5 करोड़ रुपए होंगे खर्च

नोएडा। शहर के तीन मुख्य बाजार आने वाले समय में नए रंग-रूप में नजर आएंगे। इनमें सेक्टर-37 स्थित गोदावरी, सेक्टर-110 वीडीएस और सेक्टर-110 का मुख्य बाजार शामिल हैं। इन बाजार का नवीनीकरण कराया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इन तीन बाजार में सभी जरूरी काम कराने पर नोएडा प्राधिकरण साढ़े सात करोड़ रुपए खर्च करेगा।

सलाहकार कंपनी की ओर से इनका प्रेजेंटेशन दिया गया। जिसे अप्रूव कर लिया गया है। इनमें बाजार की दुकानों की बाहर से रंगाई-पुताई कराने, टाइल्स और पत्थर लगाने, आकर्षक लाइट लगेंगी।

नोएडा प्राधिकरण ने सबसे पहले सेक्टर-29 ब्रह्मपुत्र कंप्लैक्स का नवीनीकरण किया था। यहां कंप्लैक्स के बाहर कॉमन एरिया में रेहड़ी पटरी वालों का कब्जा था। जिसे हटाया गया। इसके बाद कंप्लैक्स को मॉडल बनाया गया। वर्तमान में यहां फसाड लाइट , बैठने के लिए बेंच के अलावा पूरा बाजार देखने में किसी मॉडल बाजार की तरह लग लगता है। ठीक इसी तरह नोएडा के इन नए बाजारों को भी सवारा जाएगा।

### एक बाजार के सौंदर्यीकरण में खर्च होंगे 2.5 करोड़

नोएडा के इन तीनों बाजार में प्रत्येक पर



2.5 करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। ऐसे में साढ़े सात करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि आचार संहिता हटने के बाद टेंडर जारी किया जाएगा। इसके बाद सौंदर्यीकरण का काम तीन से चार महीने में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद अन्य बाजारों का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

### बाजार के सौंदर्यीकरण में होगा ये खास

बाजार में जितनी भी दुकानें है, उन दुकानों का एक साइज का बोर्ड लगाया जाएगा, जिसमें वह अपने दुकान का नाम डिस्प्ले करेंगे। दुकानों के बाहर वाक-वे का सारा टाइल्स उखाड़ कर ग्रेनाइट पत्थर लगाया जाएगा, जो बाजार को आकर्षक लुक देगा। बाजार के कोने में म्यूजिकल फाउंटेन बनाया जाएगा। फुटपाथ पर भी टाइल्स लगेंगे, वाक-वे व फुटपाथ के बीच ड्रेन को कवर किया जाएगा।

## हवालात की जाली काटकर भाग गया चोर

नोएडा। थाना सेक्टर 49 पुलिस की हवालात से वाहन चोरी के आरोप में पकड़ा गया बदमाश भाग गया है। पुलिस की कई टीमें सुबह से ही आरोपी की तलाश करने में जुटी है। पुलिस आयुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना पुलिस की भूमिका की जांच के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को नामित किया है। दरअसल, बुधवार को थाना सेक्टर 49 पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में सोनू पुत्र डालचंद भारद्वाज निवासी सेक्टर 22 को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दावा किया था कि उसने बाइक चोरी करने के आरोपी को पांच घंटे में गिरफ्तार कर लिया। सोनू के ऊपर पूर्व में पांच मुकदमे दर्ज हैं। सोनू थाना सेक्टर 49 पुलिस की हवालात में था। सुबह 5 बजे उसने हवालात के पीछे बनी जाली को काटा और वहां से भाग गया। घटना के समय थाने में काफी पुलिसकर्मी मौजूद थे। उन्हें भनक तक नहीं लगी। पुलिस उपायुक्त विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आरोपी के भागने के बाद पुलिसकर्मी सुबह से ही यहां के पार्क, विभिन्न मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड, ऑटो रिक्शा स्टैंड, और सेक्टर 22 स्थित आरोपी घर और उसके आसपास छानबीन कर रहे हैं।

# नोएडा प्राधिकरण का जूनियर इंजीनियर निलंबित

## अवैध निर्माण में संदिग्ध मिली भूमिका, जवाब से संतुष्ट नहीं हुए अधिकारी

नोएडा। प्राधिकरण ने हाजीपुर और भंगेल बेगमपुर की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को लेकर एक जेई को निलंबित कर दिया है। जबकि अन्य कर्मचारियों की भूमिका की जांच चल रही है। इन पर भी गाज गिर सकती है। दरअसल, प्राधिकरण ने हाजीपुर चौराहे पर बनी अवैध इमारत में बीते दिनों इंटीरियर तोड़ा था। प्राधिकरण ने अक्टूबर 2023 में कॉन्क्रीट का ढांचा खड़ा होने पर इस इमारत को अवैध मानते हुए सील करवाया था। फिर भी




वहां पर काम करवाया जा रहा था।

प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार संविदा पर तैनात सहायक अभियंता (जेई) बद्री इस अवैध बिल्डिंग में बैठा हुआ था। उसका फोटो मौके पर पहुंची प्राधिकरण की ही टीम ने खींच लिया और इसके संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट दी गई थी। यह इमारत वर्क सर्किल आठ में है, जबकि जेई की पोस्टिंग वर्क सर्किल दो में थी। इस मामले में तहसीलदार ने जेई से स्पष्टीकरण मांगा था। जेई ने बताया था कि वह दूध लेने के लिए वहां गया था और किसी के बुलाने पर बैठ गया था। अधिकारी इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। बुधवार को हुए आदेश में उसकी सेवा समाप्त कर दी गई। यह जेई वर्ष 2009 से प्राधिकरण में तैनात था। इस मामले में प्राधिकरण के और कर्मचारियों पर भी गाज गिर सकती है। वहीं प्राधिकरण ने बरौला और अन्य स्थान पर अभियान चलाकर आधा दर्जन से ज्यादा इमारत पर अवैध बिल्डिंग लिख दिया है। जिनको ध्वस्त किया जाएगा। इमारतों को ध्वस्त करने के लिए प्राधिकरण की सर्किल-3 की ओर से एक कंपनी का चयन किया जा चुका है।

# भीषण गर्मी से पुलिस कर्मियों को बचाने की पहल

## नोएडा में 500 सुरक्षा किट की गईं वितरित, धूप में ड्यूटी पर होगा बचाव





गौतम बुद्ध नगर। दिल्ली एनसीआर में भीषण गर्मी का प्रकोप दिख रहा है। गर्मी के प्रकोप से नोएडा ट्रैफिक पुलिस को बचाने के लिए पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पहल की है। ।।ष्टरु फाउंडेशन एक साथ मिलकर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को गर्मियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा किट बांटी गई। इस दौरान करीब धूप में रहने वाले 500 पुलिसकर्मियों को यह किट वितरित की गई।

तापमान लगातार बढ़ता हुआ जा रहा है। इस भीषण गर्मी में लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। पिछले दो दिनों में तापमान 46 से 48 डिग्री तक रहा है। ऐसी भीषण गर्मी में भी ट्रैफिक पुलिस के जवान धूप में मुस्तैद दिखाई देते हैं। धूप में रहने वाले पुलिस कर्मियों के लिए पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने नई पहल की है। पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर में एचसीएल फाउंडेशन के साथ मिलकर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को स्वास्थ्य सुरक्षा किट वितरित की गई।

### परेशानी होने पर अधिकारियों को दें जानकारी

बढ़ते तापमान व गर्मी के दृष्टिगत 500 यातायात पुलिसकर्मियों को गर्मी और लू से बचाव के लिए एचसीएल फाउंडेशन और यातायात पुलिस गौतमबुद्धनगर के सहयोग से स्वास्थ्य सुरक्षा किट तैयार कराई गई और ड्यूटी पर तैनात यातायात कर्मियों को वितरित की गई। इस किट मे गर्मी से बचाव के लिए थर्मोस्टील वाटर बोतल, चश्मा, मास्क, इलेक्ट्रोल पाउडर, ग्लूकोन-डी आदि सामान है। इस दौरान सभी यातायात पुलिसकर्मियों को पोषण युक्त भोजन करने, सीधी धूप के सम्पर्क में आने से बचकर डयूटी करने व स्वास्थ्य संबंधी कोई भी समस्या आने पर तुरंत संबंधित अधिकारी को अवगत कराने के लिए निर्देशित किया।

# भर भराकर गिरी बारात घर की बिल्डिंग

जेवर। जेवर क्षेत्र के नवादा गांव में करीब 60 साल पुरानी बारात घर की जर्जर बिल्डिंग गुरुवार को अचानक भर भराकर गिर गई। बिल्डिंग के पास खेल रहे बच्चे और बैठे बुजुर्ग बाल-बाल बच गए। बिल्डिंग गिरने की आवाज सुनकर सैंकड़ो ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से बारात घर के नव निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीण संजय नागर ने बताया कि गांव में 6 दशक पुराना बारात घर बना हुआ है। बारात घर के परिसर में ही चौपाल बनी हुई है। जिसमें गांव के लोग शादी में छोटे-मोटे कार्यक्रम कर लेते हैं। प्रत्येक माह चौपाल पर ग्रामीणों द्वारा यज्ञ भी किया जाता है। परिसर में लगे पेड़ों की छांव में गांव के बुजुर्ग बैठ जाते हैं। शाम के वक्त आसपास के बच्चे भी बारात घर के परिसर में खेलने आ जाते हैं। बारात घर की बिल्डिंग पूरी तरह जर्जर अवस्था में थी। प्राधिकरण के अधिकारियों से कई बार शिकायत भी की गई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। गुरुवार को अचानक बारात घर की जर्जर बिल्डिंग गिर गई। गनीमत रही कि आसपास खेल रहे बच्चे व पेड़ों की छांव में बैठे बुजुर्ग बिल्डिंग गिरने से पहले ही भाग निकले। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है। यदि बारात घर का जल्द ही निर्माण नहीं किया गया तो प्राधिकरण के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। जिसकी योजना ग्रामीण जल्द ही बनाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले काफी समय से बिल्डिंग जर्जर अवस्था में थी। जिसको बनवाने के लिए कई बार विभाग के अधिकारियों से ग्रामीणों द्वारा शिकायती पत्र भी दिया गया था।

# गाजियाबाद में पुलिस-बदमाशों में चली गोलियां

गाजियाबाद। गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर इलाके में गुरुवार तड़के पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ हो गई। इसमें 25 हजार का एक इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी 50 हजार का इनामी बदमाश फरार होने में कामयाब रहा। दोनों बदमाश क्षेत्र के विक्रम मावी हत्याकांड में शामिल रहे हैं।

अंकुर विहार एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया, गुरुवार सवेरे पुलिस को सूचना मिली कि 11 मई को पाइप लाइन रोड पर हुए विक्रम मावी हत्याकांड के आरोपी बंथला नहर की तरफ से कच्चे रास्ते से आ रहे हैं।

इस सूचना पर लोनी बॉर्डर पुलिस ने अंडरपास सेवाधाम के पास वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर आ रहे दो संदिग्धों को टॉर्च की रोशनी दिखाकर रोकने का प्रयास किया। दोनों संदिग्ध पुलिस टीम को देखकर हड़बड़ाकर वापस बाइक मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान हड़बड़ाहट में उनकी बाइक फिसलकर गिर गई और वो पुलिस पर फायरिंग करके भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। जिसमें एक बदमाश घायल हो गया, जबकि उसका साथी भाग निकला।

पकड़े गए बदमाश की पहचान गौरव निवासी प्रतापनगर दिल्ली के रूप में हुई। गौरव पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। गौरव ने फरार हुए साथी का नाम टिंकू बताया, जिस पर 50 हजार रुपए का इनाम है। पूछताछ में गौरव ने कुबूला कि 11 मई को उसने पवन भाटी संग मिलकर विक्रम भाटी की हत्या की थी। इसी हत्याकांड में दोनों बदमाशों पर इनाम घोषित हुआ है। पुलिस ने बताया, घायल बदमाश को अस्पताल भेजा गया है।

# 58 गांवों से गुजरने वाले रेल ट्रैक पर मंत्रालय खर्च करेगा 2400 करोड़ रुपये

**एजेंसी**

ग्रेटर नोएडा। नोएडा एयरपोर्ट को नई दिल्ली-हावड़ा और नई दिल्ली-मथुरा रेलवे लाइन से जोड़ने वाला प्रस्तावित ट्रैक एनसीआर के 58 गांवों से गुजरेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए 45 जगहों पर रेल लाइन को सड़क के ऊपर से निकाला जाएगा। इस पूरी कवायद में 2400 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है।

इसी के साथ ही जेवर के पास फ्रेट टर्मिनल को भी तैयार करने की योजना पर काम चल रहा है। 61 किमी रेल लाइन को यमुना एक्सप्रेसवे सहित अहम सड़कों से क्रॉस किया जाएगा, लेकिन ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे इस ट्रैक को दूर ही रखा जाएगा।

रेल मंत्रालय के डीपीआर के अनुसार, रुंधी से चोला के बीच प्रस्तावित रेल लाइन को दादरी के पास मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब से भी जोड़ा जाएगा। मुंबई और चेन्नई से आकर कोलकाता की ओर से जाने वाली ज्यादातर तेज रफ्तार वाली ट्रेनों को इस ट्रैक से गुजारा जाएगा।

यही कारण है कि इस ट्रैक को वंदे भारत सरीखी सेमी हाईस्पीड ट्रेनों के लिए ही तैयार किया जाएगा।

रुंधी से चोला के बीच रेल लाइन के लिए रेल मंत्रालय ने प्राथमिक सर्वे पूरा कर लिया है।

इसमें नोएडा एयरपोर्ट का निर्माण करने वाली कंपनी की सहमति के बाद इस परियोजना पर काम शुरू होगा। इसमें 45 ऐसी जगह चिह्नित हैं, जहां रेल लाइन पहले से मौजूद सड़क को क्रॉस करेगी। इसके अलावा रुंधी की ओर से दो और चोला की ओर से तीन रेल ओवर ब्रिज का भी निर्माण प्रस्तावित है।

### अनुमानित खर्च

- रेल ट्रैक के निर्माण पर होने वाला खर्च - 1000 करोड़
- रेल लाइन के क्रॉसिंग पर लागत - 700 करोड़
- यमुना नदी पर बनने वाले पुल का खर्च - 350 करोड़
- यमुना एक्सप्रेसवे पर प्रस्तावित फ्लाईओवर की लागत - 15 करोड़
- 45 सड़कों पर बनने वाली क्रॉसिंग की लागत - 315 करोड़
- बिजली उपकेंद्र की लागत- 20 करोड़

### जेवर खादर और जहांगीरपुर में बनेगा 900 मीटर का स्टेशन

डीपीआर के अनुसार, रुंधी और चोला के बीच प्रस्तावित पांच स्टेशन में सबसे छोटा बीघेपुर में होगा। यह महज 300 मीटर का होगा।

सबसे लंबा स्टेशन जेवर खादर और जहांगीरपुर में बनेगा। इनकी लंबाई 900 मीटर होगी। चारघाट में 600 और जेवर एयरपोर्ट के स्टेशन की लंबाई 500 मीटर की होगी।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस ने युवक की हत्या का किया खुलासा

मोदीनगर। मोदीनगर के भोजपुर के जंगल में मंगलवार सुबह ईंट से कुचल कर की गई 45 वर्षीय मजदूर महेश जाटव की हत्या में फरार तीसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का दावा है कि शराब के पैसे नहीं देने पर तीनों दोस्त महेश रंजिश रखते थे और षड़यंत्र के तहत मंगलवार को उसे अधिक शराब पिलाकर बेसुध कर दिया। बेसुध होने पर कपिल ने महेश के पैर पकड़े और आशीष ने हाथ, जबकि सुभाष ने पास पड़ी ईंट से महेश के चेहरे और सिर पर प्रहार किए। पुलिस ने तीनों हत्या आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि मोदीनगर के गांव खंजरपुर निवासी महेश जाटव मजदूर थे। महेश के पुत्र शिवम ने बताया कि मंगलवार सुबह गांव निवासी कपिल,आशीष और सुभाष उसके पिता को घर से बुलाकर भोजपुर के जंगल में ले गए थे। तीनों ने शराब पिलाकर उसके पिता के सिर और चेहरे पर ईंट से ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी। भोजपुर पुलिस ने शिवम की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में लेकर तीसरे की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने बुधवार सुबह फरार आरोपी सुभाष को पकड़ लिया। एसीपी ने आरोपियों से पूछताछ के बाद बताया कि शराब पीने के बाद महेश रुपये देने से मना कर देता था। इसी बात को लेकर तीनों उससे रंजिश रखते थे।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर नाले में पलटा, दो की मौत

मोदीनगर। मोदीनगर के भोजपुर के गांव हृदयपुर भंडौला में गुरुवार शाम एक ट्रैक्टर बुग्गी अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई। हादसे में ट्रैक्टर सवार दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि एक की हालात गंभीर बताई जा रही है। मजदूरों उपेन्द्र व विनय को मृत घोषित कर दिया गया। तीसरे मजदूर चंद्रमणी की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। हृदयपुर भंडौंला निवासी उपेन्द्र जाटव, विनय जाटव और चन्द्रमणी जाटव खेतों में दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को तीनों मजदूर ट्रैक्टर बुग्गी से किसान विनोद जाटव के खेत में गन्ने का बीज डालने गए थे। शाम के समय काम खत्म कर वह घर लौट रहे थे। जैसे ही वह सैदपुर मार्ग स्थित नाले पर पहुंचे तभी ट्रैक्टर बुग्गी अनियंत्रित होकर दस फीट गहरे नाले में गिर गई। उपेन्द्र,विनय और चन्द्रमणी ट्रैक्टर के नीचे दब गए। चीख पुकार सुनकर बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद ट्रैक्टर के नीचे फंसे मजदूरों को बाहर निकाला। तीनों को मोदीनगर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उपेन्द्र 27 व विनय 23 को मृत घोषित कर दिया। उपेन्द्र विवाहित थे और उनके दो बच्चे है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय का कहना है कि दोनों शव का पंचनामा भरकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने तीन साइबर ठग किए गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद में थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने तीन ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो फर्जी आईडी पर सिम लेकर लोगों से साइबर ठगी किया करते थे। इनकी खास बात यह थी कि यह महज 5 से 6 हजार रुपए की लोगों से ठगी करते थे। जिससे ठगी वाला व्यक्ति शिकायत ना करें और कम पैसे होने के चलते ज्यादा भाग दौड़ ना करें। पुलिस के मुताबिक इनके कब्जे से 180 एक्टिव सिम कार्ड लैपटॉप और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। गाजियाबाद में एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया की थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने अमित राठौर निवासी हापुड़, विनय कुमार निवासी बिजनौर और संजीव निवासी हरियाणा को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने अलग-अलग टेलीकॉम कंपनियों के एक्टिव 180 सिम कार्ड एक लैपटॉप और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक ये आरोपी भारतीय एक्सा प्राइवेट लिमिटेड इंश्योरेंस कंपनी के नाम पर ऑनलाइन सोशल नेटवर्किंग साइट के जरिए धोखाधड़ी कर फर्जी तरीके से अपने खातों में रुपए ट्रांसफर करवाया करते थे। पुलिस को पता चला है कि फर्जी आईडी पर यह पहले सिम एक्टिव करवाते थे जिससे उनके नंबर से इनको पकड़ा ना जा। साथ ही यह मैच 5 से 6 हजार रुपए की ठगी किया करते थे जिससे पीड़ित व्यक्ति पुलिस से शिकायत ना करें और उसके पीछे ज्यादा भाग दौड़ ना करें।

## फर्जी एप से बुजुर्ग से ठगे 18 लाख वापस कराए

ग्रेटर नोएडा। पुलिस ने सेक्टर अल्फा-2 निवासी बुजुर्ग (70) की जमा पूंजी साइबर ठगों के हाथों में जाने से बचा ली। पीड़ित और पुलिस की सतर्कता से फर्जी शेयर मार्केटिंग एप के जरिये की गई 18.16 लाख रुपये वापस करा लिए गए। थाना बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर अल्फा-2 निवासी बुजुर्ग बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी से रिटायर हुए थे। कुछ दिनों पहले फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप के प्रतिनिधियों ने उन्हें फोन पर संपर्क किया। निवेश पर मुनाफे का लालच देकर उनका अकाउंट खुलवा दिया गया। लालच में आकर उन्होंने आईपीओ में पैसा लगा दिया। साइबर ठगों ने उनके खाते में अच्छा खासा लाभ दिखाया। लालच आने पर धीरे-धीरे कर करीब 18 लाख रुपये निवेश कर दिए। इस बीच जरूरत पड़ने पर बुजुर्ग ने पैसे निकालने की कोशिश की। इस पर ट्रेडिंग एप की ओर से कहा गया कि रकम पर आयकर भरना है वह 18 लाख के हिसाब से आयकर जमा कर दें। एप पर आयकर की रकम जमा करने के बाद उनसे सिक्योरिटी फीस जमा करने को कहा गया। यह सुनकर उन्हें शक हुआ। उन्होंन एप वालों से बहस नहीं कर पूरी बात थाना बीटा-2 की साइबर सेल को बताई। इसके बाद साइबर सेल वालों ने एप को सर्विलांस पर ले लिया। पुलिस ने बैंक से संपर्क कर पैसों का ट्रांजेक्शन रुकवाया। पीड़ित के 18.16 लाख रुपये खाते में वापस करा दिए।
पीड़ित बुजुर्ग ने पुलिस का कार्यालय पहुंच कर आभार भी व्यक्त किया।

## नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक की मौत

नोएडा, संवाददाता। सेक्टर-63 क्षेत्र के बहलोलपुर गांव स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक की गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि नशा मुक्ति केंद्र के लोगों ने लापरवाही से उपचार किया, जिसकी वजह से उनकी जान गई। परिजनों ने इसको लेकर हंगामा किया। इसके साथ ही केंद्र संचालक के खिलाफ सेक्टर-63 थाने में शिकायत दी।सेक्टर-63 थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि सेक्टर-51 होशियापुर गांव के रहने वाले 35 वर्षीय मनोज उर्फ मोनू शर्मा को परिजनों ने बहलोलपुर गांव स्थित नशा मुक्ति केंद्र में उपचार के लिए भर्ती करवाया। उनका नशा मुक्ति केंद्र में पिछले एक साल से उपचार चल रहा था। मनोज उर्फ मोनू शर्मा की गुरुवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। इसकी सूचना पर मनोज की पत्नी, चाचा, भाई के साथ ही अन्य परिजन वहां पर पहुंच गए। परिजनों ने नशा मुक्ति केंद्र के लोगों पर आरोप लगाया है कि उन्होंने ठीक से उनका उपचार नहीं किया, जिसकी वजह से मनोज की जान गई। परिजनों ने नशा मुक्ति केंद्र के बाहर जमकर हंगामा किया। मामले बढ़ने के बाद नशा मुक्ति केंद्र से इसकी सूचना सेक्टर-63 थाना पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम ने परिजनों को कार्रवाई का भरोसा देकर उनको शांत करवाया। इसके साथ ही शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

## रवि काना की जमानत याचिका पर आज सुनवाई

ग्रेटर नोएडा। स्क्रैप माफिया रवि काना और उसकी महिला मित्र काजल झा की जमानत के लिए अदालत में याचिका दाखिल की गई है। स्क्रैप माफिया रवि काना की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होगी, जबकि काजल झा की जमानत पर 27 मई को सुनवाई होनी है। गैंग के चार सदस्यों को पूर्व में हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है।नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने गैंगस्टर ऐक्ट के मुकदमे में वांछित स्क्रैप माफिया रवि काना और उसकी महिला मित्र काजल झा को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ललित मोहन गुप्ता ने बताया कि जिला न्यायालय में दोनों की जमानत के लिए याचिका दाखिल की गई है। गैंगस्टर रवि की गैंगरेप के मामले में जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होगी, जबकि काजल झा की गैंगस्टर ऐक्ट के मुकदमे में जमानत याचिका पर 27 तारीख को सुनवाई होनी है। हालांकि, स्क्रैप माफिया गैंग को जिला न्यायालय से अब तक कोई राहत नहीं मिली है। गैंग के चार सदस्यों को जमानत मिल चुकी है, लेकिन सभी को हाईकोर्ट ने जमानत दी है। जिला न्यायालय से सभी की जमानत खारिज हुई थी। ऐसे में स्क्रैप माफिया रवि और उसकी महिला मित्र काजल झा को कोर्ट से बेल मिलने उम्मीद कम है। अभी हाल ही में गैंगस्टर के आरोपी आजाद को हाईकोर्ट से जमानत मिली थी।

# सहारनपुर में पॉलिटेक्निक छात्र का मर्डर, गर्लफ्रेंड को आखिरी कॉल

## लैब से लौटते वक्त गला रेता; पिता बोले- लड़की के घरवालों ने मार डाला

सहारनपुर। सहारनपुर में पॉलिटेक्निक छात्र की गला रेतकर हत्या कर दी गई। वह एक पैथोलॉजी में काम करता था। बुधवार देर रात लैब से लौटते समय हत्या की गई। शरीर पर चाकू के निशान मिले हैं। घर से 4 किलोमीटर दूर शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

वारदात थाना नागल के गांव ताजपुर की है। मृतक छात्र का नाम गौरव है। गांव से करीब डेढ़ किमी दूर दूसरे गांव की लड़की से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था।

पुलिस ने मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली, तो आखिरी बार उसी लड़की से बात हुई थी। छात्र के पिता का कहना है कि लड़की के घरवालों ने बेटे की हत्या की।



### पिता बोले- लड़की के घरवाले ने जान से मारने की दी थी धमकी

छात्र के पिता पिंकी ने थाने में 6 लोगों के खिलाफ शिकायत की। इसमें कहा- बेटा इंद्रप्रस्थ कोटा से पॉलिटेक्निक की पढ़ाई कर रहा था। वह नागल में एक पैथोलॉजी में भी काम करता था। घर से पैथोलॉजी की दूरी 7 किलोमीटर है। रोजाना की तरह गौरव 22 मई को सुबह घर से निकला था।

उन्होंने बताया- रात 9 बजे वह पैथोलॉजी से घर के लिए निकला। जब देर रात तक घर नहीं पहुंचा, तो मैंने उसकी तलाश शुरू की। गांव के अगल-बगल तलाशा। फिर बाइक से पॉथोलॉजी की तरफ निकल गया। घर से करीब 4 किलोमीटर जाने पर बेटे का शव सड़क किनारे पड़ा था।

हमने इसकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। बेटे का बगल के फतेहपुर गांव की रहने वाली लड़की से अफेयर चल रहा था। लड़की के घरवाले बेटे को पसंद नहीं करते थे। उन्होंने गौरव को जान से मारने की धमकी भी दी थी। छोटे भाई सौरभ ने कहा- बुधवार रात भाई लैब से घर के लिए निकला था। हमने उसे कॉल की तो रिसीव नहीं हुई।

10 बजे फिर से कॉल की, तो उसकी हत्या के बारे में पता चला।जिस लड़की से भाई बात करता था, उसी के घरवालों ने हत्या की। लड़की भाई के साथ पढ़ती थी।

### गले पर 3 इंच चौड़ा जख्म

पुलिस अफसरों के मुताबिक, घटनास्थल पर छात्र का शव लहूलुहान पड़ा था। गले पर जख्म का निशान 3 इंच चौड़ा है।

जिससे लग रहा है कि छात्र की गर्दन पर कई बार चाकू मारे गए। इसके अलावा शरीर पर भी जख्म के निशान मिले हैं।

# झांसी में दिखा फिर आग का कहर, दुकानों में लगी भीषण आग

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में गुरूवार को सदर बाजार थानाक्षेत्र स्थित कपड़े के एक शोरूम और स्पोर्ट्स की दुकान में भीषण आग लग गयी, जिसमें लाखों का सामान जलकर खाक हो गया।

झांसी इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है और यहां पिछले दो दिनों में पारा 46 और 47 डिग्री के पार चला गया है।

इसी के चलते आये दिन कभी मकान तो कभी दुकान में आग की सूचनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। बताया जा रहा है कि आज दोपहर में कपड़े के शो रूप में एसी में शॉट सर्किट के कारण आग लग गयी। अचानक लगी आग ने कुछ ही समय में भीषण रूप लेते हुए पास की ही स्पोर्ट्स की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया।

महानगर के पॉश इलाके सदर में ऊंची ऊंची आग की लपटें उठती देख इलाके में अफरातफरी मच गयी। आनन फानन में फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी गयी। दमकल



की गाडियां तुरंत मौके की ओर दौडी । दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाने का काम शुरू किया । आग की विकरालता को देखने हुए सेना की टीम भी मौके पर उतरी।

इलाके में लगातार दमकल गाडियों के सायरन बजते रहे और गाडियां पानी लेने और फिर मौके पर पहुंचने के लिए इलाके में दौडती नजर आयी। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक कपडे और स्पोर्ट्स की दुकान में रखा लाखों का माल जलकर स्वाहा हो गया। इस भीषण आग की घटना का कारण एसी में शॉट सर्किट बताया जा रहा है।

# लश्कर से जुड़े एक व्यक्ति के खिलाफ पीएसए के तहत मामला दर्ज

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर मे बारामूला जिले के सोपोर में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत गुरुवार को मामला दर्ज किया।

लश्कर से जुड़े इस व्यक्ति की पहचान नौपोरा कलां सोपोर निवासी एहसान-उल-हक के रूप में हुई है। सक्षम अधिकारी से प्राप्त आदेशों के बाद एहसान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उसे हिरासत में लेने के बाद जम्मू में केंद्रीय कोट भलवाल जेल में रखा गया है।

इस बीच, सोपोर में तीन ड्रग तस्करों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस



(पीआईटी-एनडीपीएस) अधिनियम में अवैध तस्करी की रोकथाम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

उनकी पहचान सोपोर के बरकत अहमद डार और मुसैब बशीर लोन और रफियाबाद के उमर बशीर जरगर के रूप में की गई है। उन्हें भी केंद्रीय कोट भलवाल जेल में रखा गया है।

# सहारनपुर में बॉयफ्रेंड ने छात्रा की हत्या की थी

## युवक की शादी होने पर लड़की नहीं कर रही थी बात; रास्ते में रेत दी थी गर्दन

सहारनपुर। सहारनपुर में बीपीईएस (बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स) की छात्रा की उसके पूर्व बॉयफ्रेंड सागर ने गला रेतकर हत्या की थी। आरोपी सागर की डेढ़ साल पहले शादी हो गई थी। इससे छात्रा ने बात करना बंद कर दिया था। बावजूद सागरफोन और रूस्र करके परेशान करने लगा था।

छात्रा ने नंबर ब्लॉक कर दिया तो दूसरे नंबर से कॉल करने लगा था। उसे शक हुआ कि मानवी का किसी और से अफेयर चल रहा है। इसी शक में सागर ने बुधवार को मानवी की हत्या कर दी। पुलिस ने देर रात सागर को अरेस्ट कर लिया था। मामला कुतुबशेर थाना क्षेत्र का है।



### छात्रा नहीं करना चाहती थी बात

एसपी सागर जैन के मुताबिक, थाना कुतुबशेर के गांव बीतिया के रहने वाले राजेश कुमार की बेटी मानवी (22) का सागर से अफेयर था। सागर और मानवी की मुलाकात कैराना में किसी गांव में हुई थी। मानवी और सागर के रिश्तेदार एक ही गांव में रहते थे। करीब डेढ़ साल पहले सागर की शादी हो गई। इसके बाद मानवी ने सागर से बात करना बंद कर दिया।

### बात न होने के कारण टेंशन में था युवक

पुलिस की पूछताछ में आरोपी सागर ने बताया कि शादी होने के बाद से मानवी उससे बात नहीं कर रही थी। वो उससे मिलना चाह रहा था। कई नंबरों से फोन किया, लेकिन आवाज सुनकर फोन काट देती थी।

इससे उसे शक हुआ कि कहीं मानवी का अफेयर किसी ओर से तो नहीं हो गया। छात्रा उसे इग्नोर कर रही थी। इस कारण वो टेंशन में आ गया। कई बार छात्रा के गांव भी गया, लेकिन वो नहीं मिली।

### रेस्टोरेंट में दोनों मिले, वहीं झगड़ा हुआ

मानवी पेपर देने के बाद अपनी मौसी के गांव रादौर लौट रही थी। तभी मानवी को सागर मिल गया। सड़क पर मानवी से बात करने की कोशिश करता रहा।

लेकिन, मानवी उससे बात नहीं करना चाहती थी। बात करते हुए सागर और मानवी सीसीटीवी में कैद हो गए थे। बातों के जाल में फंसाकर आरोपी मानवी को स्कूल से 500 मीटर दूर सैनी रेस्टोरेंट में लेकर आ गया। जहां दोनों में झगड़ा भी हुआ।

# दरोगा ने 10 महीने तक युवती से किया रेप

## कानपुर में शादी शुदा होने की बात छिपाई; बोला-अब मेरे पास आई तो जान से मार दूंगा

कानपुर। कानपुर में दरोगा ने युवती से शादी का झांसा देकर 10 महीने तक रेप किया। बाद में युवती जब शादी का दबाव डालने लगी, तो जान से मारने की धमकी दी। कहा- अब तू मेरे पास न आया कर, पास आई तो जान से मार दूंगा। इसके बाद युवती ने दरोगा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। युवती का कहना है कि शादीशुदा होने के बाद भी खुद को अविवाहित बताया। शारीरिक संबंध बनाए।

### दी जान से मारने की धमकी

बिठूर में रहने वाली युवती ने बताया-पुलिस लाइन में तैनात दरोगा सचिन कुमार मोरल ने शादी का झांसा देकर उससे दोस्ती की थी। इसके बाद उसे हरबंशमोहाल के लोकमोहाल तिलियाना घंटाघर पर अपने कमरे में ले जाकर रेप किया। इस दौरान कई बार अपनी मां से भी फोन पर बात करके शादी का भरोसा दिलाया। कहा-तुम



मेरी ही घर की बहू बनोगी। 10 महीने तक जबरन शादी का झांसा देकर रेप करता रहा। शादी का दबाव बनाने पर मुकर गया। इसके बाद कहा ज्यादा बोली, तो तुझे मार दूंगा। युवती ने कहा कि मेरी पिता का निधन हो चुका है। मेरे घर एक बूढ़ी मां और बड़ी बहन रहती हैं।दोनों की मेरे ऊपर ही जिम्मेदारी है। इसके बाद भी दरोगा का कलेजा नहीं पसीजा।

### बोला-दोबारा फोन किया को मार दूंगा

युवती ने कहा-अगर अब दोबारा फोन किया या किसी भी तरह से संपर्क करने का प्रयास किया तो तुझे जान से मार दूंगा। युवती ने मामले में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के सामने पेश होकर पूरे मामले की जानकारी दी।

हरबंशमोहाल थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस कमिश्नर के आदेश के बाद आरोपी दरोगा सचिन कुमार मोरल और धमकी देने वाली महिला अभिलाषा तिवारी के खिलाफ रेप और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### पत्नी से चल रहा केस, यह बात भी छिपाई

युवती ने बताया कि दरोगा सचिन मोरल का पत्नी से विवाद चल रहा है। पत्नी ने भी दरोगा के ऊपर केस कर रखा है। इन सभी बातों को छिपाकर दरोगा ने झांसे में लिया था। दरोगा के खिलाफ रेप की एफआईआर दर्ज होने के बाद उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए एक रिपोर्ट भेज दी गई है। जल्द ही दरोगा को सस्पेंड किया जाएगा।

# कानपुर देहात में विवाहिता ने की आत्महत्या

कानपुर देहात। कानपुर देहात में थाना रसूलाबाद के अंतर्गत एक विवाहिता महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रसूलाबाद के सुभाष नगर निवासी अजय कुमार रैदास की पत्नी नेहा देवी (24) ने सुबह पति के जाने के बाद टिन शेड में दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। नेहा को फंदे से लटकता देख पड़ोसियों ने मामले की जानकारी पति को दी। जिसके बाद पति अजय पड़ोसियों के साथ सीएचसी लेकर गए जहां मृत घोषित कर दिया गया। वहीं मृतका नेहा देवी की बड़ी बहन रेनू देवी ने बताया कि छोटी बहन की शादी अपने पारिवारिक देवर के साथ 25 दिसंबर 2020 को कराई थी। शादी के चार वर्ष हो जाने के बाद भी नेहा के कोई बच्चा नहीं था। वह अपने एक मित्र के पास जाना चाह रही थी। जिसको लेकर घर वालों ने इंकार कर दिया।

# कार में जिंदा जला युवक

## बेकाबू होकर पेड़ से टकराई थी, 2 घायल



करौली। करौली में बुधवार देर रात एक बजे पेड़ से टकराने के बाद कार में आग लग गई। हादसे में एक युवक जिंदा जल गया। 2 लोग गंभीर घायल हो गए। कार सवार तीनों युवक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। हादसा मासलपुर थाना इलाके के करौली-सरमथुरा मार्ग पर नेशनल हाईवे-23 स्थित मचानी गांव के पास हुआ। थानाधिकारी चंचल शर्मा ने बताया- मध्य प्रदेश में सीधी के तिथारा निवासी अंकित (28) पुत्र रमाकांत व ललितपुर के संजय (26) और उत्तर प्रदेश के झांसी के रहने वाले दिनेश (25) पुत्र सुरेश हिंडौन (करौली) स्थित मनीरामपुरा में शादी समारोह में जा रहे थे। करौली-सरमथुरा मार्ग पर मचानी गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।

### पीछे की सीट पर था, कार में ही जल गया

थानाधिकारी ने बताया- तीनों अलग-अलग जगह के निवासी हैं। शादी में जाने के लिए ग्वालियर में एकत्रित हुए थे। संजय कार चला रहा था, दिनेश उसके साइड वाली सीट पर बैठा था। जबकि अंकित पीछे की सीट पर बैठा था। पेड़ से टकराने से कार के आगे के दोनों गेट व एयरबैग खुल गए। संजय और दिनेश, दोनों कार से बाहर गिर गए। पिछली सीट पर बैठा अंकित कार में फंसा रह गया। कार में आग लगने से वह जिंदा जल गया। अंकित के शव को मासलपुर अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। परिजन के मासलपुर पहुंचने पर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

# संविधान बचाना है तो भाजपा का करें सफाया : अखिलेश

जौनपुर। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि जान और संविधान की रक्षा के लिये मतदाताओं को खुलेतौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सफाया देश से करना होगा।

मल्हनी विधानसभा के बेलापार में पार्टी प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा यह चुनाव संविधान और देश बचाने को लेकर हो रहा है। यदि जान और संविधान दोनों बचाना है तो भाजपा का सफाया करें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा प्रहार करते हुए उन्होने कहा कि मोदी ने अपने मित्र उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया मगर खाद और बीज की कीमतों में इजाफा किया। किसानो का कर्ज माफ नहीं किया जिससे किसान बर्बादी की कगार पर है। पूरे देश में भाजपा के शासनकाल में एक लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली।

उन्होंने भाजपा पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक चुनाव है, यदि आपने बच्चों की जान और और संविधान बचाना है तो भाजपा का सफाया करना होगा।उन्होंने चुनाव को समुद्र मंथन की तरह संविधान मंथन बताया और कहा कि आपको और हमको अपना और आने वाली पीढ़ी का भविष्य बचाना है तो हर हाल में भाजपा को उखाड़ फेंकना होगा।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के डबल इंजन की होर्डिंग देखी होगी। एक इंजन तो उसमें पहले से ही गायब है। उन्होंने कहा कि देश का युवा बड़ी मेहनत से कोचिंग करके दूर-दूर परीक्षा देने जाता है और जब परीक्षा देकर वह घर लौटता है तो पता चलता है पेपर लीक हो गया। उन्होंने इसकी गणित समझते हुए कहा कि करीब एक करोड़ 80 लाख लोग इसी वजह से भाजपा के खिलाफ है, हर परिवार से तीन लोग भाजपा से खफा हैं, यदि इनको 80 सीटों में बांट दे तो हर सीट पर भाजपा का दो लाख से अधिक वोटो का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहां कि भाजपा सरकार से 17 साल का हिसाब लेना है।

# जौनपुर में पत्रकार के हत्यारों को जल्द मिले सख्त सजा

## एनयुजे ने मुख्य मंत्री से ज्ञापन दे कर की मांग

**महेश सिंह विशाल इंडिया**

लखनऊ, जौनपुर के दिवंगत पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव के हत्यारों को जल्द और सख्त सजा मिले, ऐसी मांग एनयूजे की उत्तर प्रदेश इकाई ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सक्सेना, प्रदेश संरक्षक द्वे के बक्श सिंह एवं अजय कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुपम चौहान एवं लौकेश सिंह ने बुधवार को लोकभवन स्थित कार्यालय में प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद से भेंट कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से हत्यारोपियों के लिए सख्त सजा और परिजनों के लिए आर्थिक सहायता की मांग उठाई गई है।

एनयूजे के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रमोद गोस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देश भर में उनके बेहतर कानून-व्यवस्था के मॉडल को लेकर सराहा जा रहा है। इसी कड़ी में उनसे यह अपेक्षा भी बढ़ जाती है कि पत्रकारों की कलम रोकने की हिमाकत



करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ भी ऐसी सख्त कार्रवाई कर नजीर स्थापित करें। आशा है मुख्यमंत्री ऐसी व्यवस्था करेंगे कि पत्रकारों की कलम रोकने की कोशिश करने से पहले माफिया सौ बार सोचेंगे।

एनयूजे के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सक्सेना ने प्रमुख सचिव संजय प्रसाद को जौनपुर के पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की नृशंस हत्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की 13 मई, 2024 को जौनपुर में गोली मारकर गोतस्करों द्वारा हत्या कर दी गई थी। अभी तक इस घटना में नामजद आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचाना तो दूर पकड़ा तक नहीं जा सका है। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा में घोर लापरवाही बरती जा रही है। श्री श्रीवास्तव ने अपनी हत्या से पूर्व पुलिस से इस बात की शिकायत भी की थी कि कुछ अराजक तत्व उनकी जान के पीछे पड़े हैं। इसके बावजूद भी पुलिस ने उनकी शिकायत की कोई परवाह नहीं की, जिसका परिणाम यह हुआ की श्री श्रीवास्तव असमय ही काल के गाल में समा गए।

प्रदेश संरक्षक के बक्श सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पत्रकारों के लिए मजबूत सुरक्षा कानून बनाने की मांग लाजमी है। हमें विश्वास है कि मुख्यमंत्री इस ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कड़ा कदम उठाएंगे।

संरक्षक अजय कुमार ने कहा कि आशुतोष श्रीवास्तव के मामले में लापरवाह जौनपुर पुलिस और प्रशासन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आरोपी का पुलिस हिरासत से भाग जाना घोर लापरवाही है। पुलिस एक सप्ताह से उसे खोजते फिर रही है, अभी तक वह पुलिस की पकड़ से बाहर ही है।

# शार्ट न्यूज

## कोर्ट के अंदर हत्या करने वाले को आजीवन-कारावास

बिजनौर। बिजनौर में कोर्ट के अंदर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर शाहनवाज नाम के व्यक्ति की हत्या करने वाले को कोर्ट ने दोषी करार दिया। साथ ही आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाने से पहले आज कोर्ट में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। मामला बिजनौर न्यायालय का है। जहां पर 17 दिसंबर 2019 को भरी अदालत में शाहनवाज की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसे दिल्ली से बिजनौर कोर्ट में पेशी पर लाया गया था। जबकि कोर्ट मोहर्रिर गंभीर रूप से घायल हो गया था। 23 मई 2019 को नजीबाबाद में बसपा नेता एहसान और उसके भांजे की हत्या में आरोपी शाहनवाज और जब्बार को दिल्ली की तिहाड़ जेल से लाकर बिजनौर कोर्ट में पेश किया गया था। इसी दौरान आरोपी सुमित ने दो नाबालिग आरोपियों के साथ मिलकर कोर्ट परिसर में ही ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर कर शाहनवाज की हत्या कर दी थी। एडीजीसी मुकेश कुमार चौहान ने बताया कि एहसान की हत्या के मामले में आरोपी शाहनवाज और जब्बार को पेशी के लिए दिल्ली पुलिस तिहाड़ जेल से लाकर 17 दिसंबर 2019 को बिजनौर की सीजेएम कोर्ट में पेश किया था। इसी दौरान शामली ज़िले के लिलोन गांव के रहने वाले सुमित अपने दो नाबालिग साथियों के साथ वहां आया।

## सुलतानपुर में कार ने सगे भाइयों को रौंदा

सुलतानपुर। सुलतानपुर में लखनऊ-वाराणसी नेशनल हाईवे पर बेहद दर्दनाक हादसा हुआ। यहां बंधुआकला थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार दो भाइयों की फोर व्हीलर से भीषण टक्कर हुई। एक की मौके पर मौत हो गई तो दूसरे ने लखनऊ हॉस्पिटल गेट पर दम तोड़ दिया। दो जवान बेटों की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार कोतवाली नगर के पांचोपीरन कस्बा निवासी शब्बीर के दो पुत्र समीर उर्फ पप्पू डेंटर (38) व अमीर उर्फ गुड्डू (30) गुरुवार को घर का कुछ जरूरी सामान लेने स्कूटी से बंधुआकला थानाक्षेत्र के हसनपुर क्षेत्र में जा रहे थे। दोनों भाई हसनपुर गुमटी के पास पहुंचे थे कि लखनऊ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी और कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं दोनों भाई सड़क पर दूर जा गिरे। तत्काल स्थानीय लोग मौके पर राहत और बचाव के लिए पहुंचे। लेकिन तब तक एक भाई की मौत हो चुकी थी। आनन-फानन में दूसरे भाई को प्राइवेट वाहन से राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां हालत क्रिटिकल देखते हुए डॉक्टर ने ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि ट्रॉमा सेंटर गेट पहुंचने दूसरे भाई ने भी दम तोड़ दिया।

## मोहनलालगंज में प्लाईवुड फैक्ट्री में आग लगी

लखनऊ। लखनऊ के मोहनलालगंज में एक प्लाईवुड फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री में रखी कई मंहगी लकड़ियां और जल गईं। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं लगाया जा सका। आग की घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। फैक्ट्री के भीतर काम कर रहे लोगों ने भागकर अपनी जान बताई। मोहनलालगंज के पुरसैनी गांव के पास प्रसाद प्लाईवुड फैक्ट्री है। यह फैक्ट्री इलाके के रहने वाले मनोज जायसवाल की है। गुरुवार को फैक्ट्री में मजदूर काम कर रहे थे। इसी समय करी 12.30 बजे तेज धुएं की गुब्बार उठने लगी। मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। सभी लोगों ने पहले आग को बुझाने की कोशिश की। लेकिन बड़ी आग होने के कारण काबू नहीं पाया जा सका। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंचे पीजीआई फायर स्टेशन प्रभारी माम बड़ चंद गुर्जर ने बताया कि करीब 1 घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। आग किन कारणों से लगा इसका पता लगाया जा रहा है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर भक्तों ने लगाई गंगा में डुबकी

हापुड़। हापुड़ के ब्रजघाट में गुरुवार को बुध पूर्णिमा के पावन पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा नगरी हर हर गंगे के उद्घोष से गूंज उठी। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। दोपहर तक स्नान का सिलसिला जारी था। गंगा नगरी में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और पश्चिमी उप्र के विभिन्न जिलों से देर रात से ही श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया था। बाजारों में श्रद्धालुओं के आने से चहल पहल हो गई थी और धर्मशालाएं फुल हो गई थीं। गुरुवार की सुबह ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का भारी सैलाब गंगा तट पर उमड़ पड़ा। हर- हर गंगे, जय मां गंगे के उद्घोष के साथ भक्तों ने गंगा स्नान किया। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर ही गंगा मां और ईष्ट देवताओं की पूजा अर्चना की। हवन भी कराए गए। जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री व वस्तुओं का दान किया। विभिन्न मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की गई।

## डंपर ने मारी ऑटो में टक्कर, ससुर-बहू की मौत

बांदा। बांदा में देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी ऑटो में तेज रफ्तार बालू से लदे ओवरलोड डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। ऑटो सवार ससुर और बहू की मौत हो गई। वहीं अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक चालक मौके से ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा दिया है। बताया जा रहा है कि डंपर एक निवर्तमान सांसद के बेटे का है। मामला नरैनी कोतवाली क्षेत्र के जमूवारा गांव का है। नारायणी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पुंगरी निवासी राजकुमार अपने परिवार के साथ कामतानाथ दर्शन करने गए हुए थे। वहां से लौटते समय देर रात को ओवरलोड डंपर ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में पिंटू सहित आठ लोग घायल हो गए। वहीं राजकुमार पुत्र रामगुलाम की मौके पर मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्यों में से पिंटू पुत्र राजकुमार, सीमा पत्नी राजा, गोल्हो पत्नी रज्जन, राखी पुत्री बाबू, देव पुत्र जयप्रकाश, राजकुमारी पत्नी राजकुमार, चित्ररेखा पत्नी राजू और पिंटू की पत्नी समेत 9 लोग घायल हो गए।

## अलीगढ़ में गैंगस्टर से पुलिस की मुठभेड़

अलीगढ़। अलीगढ़ के सासनीगेट थाना क्षेत्र में पिछले एक साल से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी गैंगस्टर खुर्रम से बुधवार देर रात पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मथुरा बाईपास पर वाहन चेकिंग के दौरान जब पुलिस ने आरोपी को रोका तो उसने अपने साथी के साथ भागने की कोशिश की। जब पुलिस ने उसका पीछा किया तो आरोपी ने पुलिस के ऊपर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी कई राउंड फायर किए, जिसमें गैंगस्टर के पैर में गोली लगी है। घायल होने के बाद आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। वहीं आरोपी के साथ बाइक पर सवार उसका दूसरा साथी मौके से फरार होने में सफल हो गया है। गैंगस्टर को घायल अवस्था में मलखान सिंह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार वह देर रात लगभग 2 बजे के आसपास पुलिस टीम आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर रही थी। सासनीगेट चौराहे के पास दो बाइक सवार आते नजर आए। संदिग्ध लगने पर पुलिस ने उन्हें हाथ देकर रोकने की कोशिश की, तो आरोपियों ने वहां से भागने का प्रयास किया। जब पुलिस टीम ने उसका पीछा किया तो बिना कुछ समझे आरोपियों ने गोली चलानी शुरू कर दी।

## पत्नी ने पति को पीट-पीटकर मार डाला

मुरादाबाद। मुरादाबाद में एक महिला ने अपने पति को डंडों से पीट-पीट कर हत्या कर दी। महिला का कहना है कि पति रोजाना उसे शराब पीकर पीटता था। पुलिस ने महिला को अरेस्ट कर लिया है। घटना बिलारी थाना क्षेत्र के गांव कनोबी की है। यहां रहने वाला नेपाल सिंह (35 साल) को शराब पीने की लत थी। जिसकी वजह से उसकी पत्नी विनीता से रोजाना कहासुनी होती थी। पत्नी शराब पीने से रोकती थी तो पति उसे बेरहमी से मारता पीटता था। बुधवार की रात को भी नेपाल शराब पीकर घर लौटा था। पत्नी ने टोका तो उसने उसे पीटना शुरू कर दिया। पति की हरकत से विनीता को गुस्सा आया और उसने पति के मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसे चारपाई से बांध दिया। इसके बाद उसकी डंडे से जमकर पिटाई की। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की तो पता चला कि विनीता अक्सर अपने पति नेपाल को डंडे से पीटती थी।

## मैक्रों ने दंगा प्रभावित न्यू कैलेडोनिया का दौरा किया

सिडनी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों हाल ही में हुए घातक दंगों से प्रभावित प्रशांत द्वीपसमूह में जल्द से जल्द शांति और सुरक्षा कायम करने की उम्मीद में गुरुवार को न्यू कैलेडोनिया पहुंचे। श्री मैक्रों ने कहा कि मेरी इच्छा, मंत्रियों और पूरी सरकार के साथ, लोगों के साथ खड़े होने की है, जिससे हम जल्द से जल्द शांति, स्थिरता और सुरक्षा में लौट सकें। यह सर्वोच्च प्राथमिकता है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने माना कि कई लोग एक बड़े संकट से पीड़ित हैं, क्योंकि कुछ बीमार हैं और अन्य को भोजन में बड़ी कठिनाई है। उन्होंने कहा कि हम आर्थिक पुनर्निर्माण, समर्थन और त्वरित प्रतिक्रिया के सवालों और सबसे नाजुक राजनीतिक सवालों पर चर्चा करेंगे, क्योंकि हम न्यू कैलेडोनिया के भविष्य के बारे में सोचते हैं। उम्मीद है कि मैक्रों वहां लगभग 12 घंटे बिताएंगे और संकट से निपटने के लिए एक कार्यबल गठित करने का अनुमान है।

## कोलंबिया ने रामल्लाह में दूतावास खोलने का फैसला लिया

तेलअवीव । गाजा में हमास से जंग लड़ रहे इजरायल को कूटनीतिक मोर्चे पर दूसरा बड़ा झटका लगा है। कोलंबिया ने फिलिस्तीन के शहर रामल्लाह में अपना दूतावास खोलने का फैसला लिया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति पहले ही गाजा में इजरायल के एक्शन को नरसंहार बताकर बंद करने की अपील कर चुके है। कोलंबिया के विदेश मंत्री लुइस मुरिल्लो ने कहा कि राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो ने आदेश दिया है कि रामल्लाह में दूतावास खोला जाए। उन्होंने कहा कि हम वेस्ट बैंक के शहर रामल्लाह में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। गुस्तावो कई मौकों पर इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना कर चुके हैं। उन्हें नेतन्याहू के आलोचकों में गिना जाता है। कोलंबिया का यह ऐलान तीन देशों के फैसले के ठीक बाद आया है, जिसमें फिलिस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया गया है। स्पेन, आयरलैंड और नॉर्वे का कहना है कि वे फिलिस्तीन को मान्यता देंगे। नॉर्वे का कहना है कि 28 मई को कैबिनेट की मीटिंग होगी, जिसमें फिलिस्तीन को मान्यता देने का प्रस्ताव पास किया जाएगा। इस तरह इजरायल को गाजा में चल रहे युद्ध के बीच दो दिन के अंदर ही दूसरा झटका लगा है। अब तक दुनिया के कुल 142 देश हैं, जो फिलिस्तीन को मान्यता दे चुके हैं।

## ग्रेफाइट की खदानें हासिल करने श्रीलंका से बात कर रहा भारत

कोलंबो । भारत, श्रीलंका में ग्रेफाइट की खदानें हासिल करने के लिए उसके साथ चर्चा कर रहा है। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। ग्रेफाइट लिथियम-ऑयन और अन्य बैटरियों में एनोड के लिए इस्तेमाल होने वाली सबसे आम सामग्री है। इस वजह से ग्रेफाइट की मांग लगातार बढ़ रही है। सूत्रों ने कहा कि भारत सरकार ने श्रीलंका में ग्रेफाइट खदानें हासिल करने के संबंध में चर्चा की। श्रीलंका में पाया जाने वाला ग्रेफाइट बहुत अच्छी गुणवत्ता का होता है। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि बातचीत अभी शुरुआती चरण में है। ग्रेफाइट को मोदी सरकार ने पिछले साल 30 महत्वपूर्ण खनिजों की सूची में शामिल किया था। सरकार ने हाल ही में कहा था कि सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया, एनएमडीसी और ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज संपत्तियों की सक्रिय रूप से तलाश करेंगी। इन सार्वजनिक उद्यमों की विदेशों में पहले से ही किसी न किसी प्रकार की मौजूदगी है। विदेशों में खनिज संपत्तियों की खोज के लिए 'खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड' (काबिल) का भी गठन किया गया जो सार्वजनिक क्षेत्र के तीन उद्यमों का एक संयुक्त उद्यम है। तांबा, लिथियम, निकल और कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिज तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के महत्वपूर्ण घटक हैं। पवन चक्की और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक में इनका इस्तेमाल होता है।

## ब्रिटेन में चार जुलाई को होंगे आम चुनाव, पीएम ने किया ऐलान

लंदन। ब्रिटेन में चार जुलाई देश में आम चुनाव कराए जाएंगे। यह घोषणा ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने बुधवार को की। इस घोषणा के साथ ही चुनाव की तारीखों को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। लंदन में बारिश के बीच भारतीय मूल के पहले पीएम सुनक ने छह सप्ताह में मतदान कराए जाने की बात कही है। पीएम चुनाव की तारीख की जानकारी औपचारिक रूप से महाराज चार्ल्स को देंगे और उसके बाद संसद जल्द ही भंग कर दी जाएगी। सुनक ने ब्रिटिश मतदाताओं के सामने अपने कार्यकाल का ब्यौरा पेश किया। उन्होंने कहा कि मैं अपनी शक्ति के मुताबिक आपको मजबूत सुरक्षा प्रदान करने के लिए सब कुछ करूंगा। यह मेरा आपसे वादा है...अब समय आ गया है कि ब्रिटेन अपना भविष्य चुने।

## चीन में पांच मंजिला बिल्डिंग में विस्फोट, एक की मौत, तीन घायल

हार्बिन। उत्तर-पूर्वी चीन के हार्बिन शहर में गुरुवार सुबह एक बिल्डिंग में विस्फोट हो गया इसमें एक महिला की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया से मिली जानकारी के मुताबिक हार्बिन चीन के उत्तर-पूर्वी प्रांत हेइलोंगजियांग की राजधानी है। यहां पांच मंजिला बिल्डिंग में विस्फोट हो गया जिससे बिल्डिंग का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और एक मकान की बालकनी पूरी तरह नष्ट हो गई। अधिकारियों ने मीडिया को बताया कि यह विस्फोट एक नेचुरल गैस टैंक से होने की आशंका है। विस्फोट से एक महिला की मौत हो गई वहीं तीन लोग घायल हो गए। इस हादसे का एक वीडियो सामने आया इसमें एक व्यक्ति को एंबुलेंस से ले जाते हुए देखा जा सकता है, वहीं सड़कों पर मलबे का ढेर लग गया है। विस्फोट सुबह करीब सात बजे हुआ। बिल्डिंग के मलबे को हटाने का कार्य शुरु कर दिया गया है। स्थानीय पुलिस विस्फोट की जांच में जुट गई है।

## पूर्व राजदूत निक्की हेली राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को देंगी वोट

कोलंबिया। अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में निक्की हेली राष्टपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को वोट देंगी। यह बात संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने वाशिंगटन में एक कार्यक्रम के दौरान कही। हेली ने कहा कि उन्होंने जो पहले कहा था वह उस बात पर कायम हैं। उन्होंने कहा उन्हें लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप उन लाखों लोगों तक पहुंचेंगे जिन्होंने उनको (हेली) को वोट दिया और उनका समर्थन करना जारी रखा। हेली रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में शामिल थीं लेकिन उन्हें प्रायमरी चुनावों में सफलता नहीं मिली थी। हेली ने चुनाव अभियान के दौरान अपने प्रतिद्वंद्वी रहे डोनाल्ड ट्रंप की महीनों तक कड़ी आलोचना की थी लेकिन अब उन्होंने ट्रंप को समर्थन देने का फैसला किया है। ट्रंप के प्रचार अभियान दल ने हेली की घोषणा पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## इजरायली महिला सैनिकों के अपहरण का वीडियो जारी किया गया

तेल अवीव। हमास द्वारा 7 अक्टूबर को किए गए नरसंहार के दौरान पांच इजरायली महिला सैनिकों के अपहरण का वीडियो फुटेज जारी किया गया है। युवा महिलाओं के माता-पिता इस उम्मीद में वीडियो जारी करने पर सहमत हुए कि भयावह छवियां इजरायल और फिलिस्तीनी इस्लामवादी हमास आंदोलन के बीच एक समझौते में उनकी बेटियों और अन्य बंधकों की रिहाई में योगदान दे सकती हैं। वीडियो में खून से लथपथ घायल युवतियों को भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के साथ देखा जा सकता है। ये युवतियां गाजा पट्टी सीमा क्षेत्र में सेना पर्यवेक्षकों के रूप में ड्यूटी पर थीं। वे डरी हुई हैं और उनके हाथ उनकी पीठ के पीछे बंधे हुए हैं। वीडियो में अपहरणकर्ता उन पर चिल्ला रहे हैं और उन्हें धमका रहे हैं। महिलाओं को पहले एक कमरे में रखा जाता है और फिर एक वाहन में ले जाया जाता है, जहां वे फर्श पर एक साथ लेट जाती हैं। बंधक परिवार फोरम ने एक बयान में कहा कि यह वीडियो बंधकों को घर लाने में देश की विफलता का एक गंभीर प्रमाण है। इन्हें 229 दिनों बाद छोड़ा गया। बयान में कहा गया है ?कि फुटेज से पता चलता है कि अपहरण के दिन लड़कियों ने किस तरह का हिंसक, अपमानजनक और दर्दनाक व्यवहार सहा था, उनकी आंखें खौफ से भरी हुई थीं। वीडियो तीन मिनट से अधिक लंबा है। यह आतंकवादियों द्वारा लिए गए बॉडीकैम फुटेज का संकलन है।




ताइवान में एयरफोर्स का विमान मिराज 2000 ई हिशिनू एयरबेस पहुंचा।

## रिएक्टर बनाने में मदद को तैयार रूस, परमाणु एजेंसी प्रमुख ने किया बड़ा दावा

मास्को। परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग बढ़ाने के प्रयासों के तहत रूस कुडनकुलम में परमाणु ऊर्जा परियोजना के अलावा, एक नई साइट पर उच्च क्षमता वाली परमाणु ऊर्जा इकाइयों के निर्माण में भारत की मदद करने के लिए तैयार है। रोसाटॉम राज्य परमाणु ऊर्जा निगम के महानिदेशक एलेक्सी लिकचेव ने रूस के सेवरस्क में परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष अजीत कुमार मोहंती के साथ एक बैठक के दौरान यह पेशकश की। जब मोहंती ने प्रोरीव या ब्रेकथ्रू परियोजना का दौरा किया, तो दोनों अधिकारियों ने बातचीत की, जिसका उद्देश्य एक बंद परमाणु ईंधन चक्र के साथ एक नया बिजली संयंत्र बनाना है। रोसाटॉम द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, लिकचेव ने कहा कि हम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा के उपयोग के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग के गंभीर विस्तार के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इसमें भारत में एक नई साइट पर रूसी-डिज़ाइन की गई उच्च क्षमता वाली परमाणु ऊर्जा इकाइयों का क्रमिक निर्माण शामिल है। लिकचेव ने कहा कि रूसी पक्ष भूमि-आधारित और अस्थायी कम-बिजली उत्पादन परियोजनाओं के कार्यान्वयन और परमाणु ईंधन चक्र और परमाणु प्रौद्योगिकियों के गैर-ऊर्जा अनुप्रयोगों में सहयोग के लिए भी खुला है। रूस वर्तमान में तमिलनाडु में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना के निर्माण में भारत की सहायता कर रहा है, जिसमें 1,000 मेगावाट के छह हल्के-जल परमाणु रिएक्टर होंगे। परियोजना पर काम 2002 में शुरू हुआ और पहले रिएक्टर का वाणिज्यिक परिचालन 2014 में शुरू हुआ, उसके बाद 2016 में दूसरे का। दो और रिएक्टरों पर काम चल रहा है।

# ताइवान के नए राष्ट्रपति की धमकी से बौखलाया ड्रैगन... चारों ओर से घेरकर शुरु की मिलिट्री ड्रिल



**बीजिंग (एजेंसी)।** दुनिया में एक और युद्ध की तस्वीर बनने लगी है। दरअसल चीन और ताइवान एक बार फिर आमने-सामने आ गए हैं। दोनों में तनातनी सातवें आसमान पर है। ताइवान को नया राष्ट्रपति मिले अभी चार दिन भी नहीं हुए कि चीन बौखला गया है। चीन ने प्रलयंकारी हथियारों से ताइवान के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। ताइवान को चारों ओर से घेरकर ड्रैगन ने खतरनाक मिलिट्री ड्रिल शुरू कर दी है। उधर ताइवान भी चीन को करारा जवाब देने को तैयार है। ताइवान ने भी अपनी आर्मी को रवाना कर दिया है। चीन की बौखलाहट इसकारण है, क्योंकि ताइवान को लाई चिंग-ते के रूप में नया राष्ट्रपति मिला है। जिसने शपथ लेते ही चीन को हड़का दिया था। लाई चिंग-ते चीन के कट्टर विरोधी माने जाते हैं।

दरअसल, चीन ने गुरुवार को ताइवान आइलैंड के चारों ओर एक बड़ा सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया। ताइवान के चारों ओर इस सैन्य एक्शन को चीन ने इसे पनिशमेंट ड्रिल नाम दिया है। चीन के इस मिलिट्री ड्रिल यानी सैन्य अभ्यास में आर्मी, नेवी, एयर फोर्स और रॉकेट फोर्स सब शामिल है।

चीन ने ड्रिल में मिसाइल से लेकर खतरनाक लड़ाकू विमान शामिल हैं।

चीन अपने इस सैन्य अभ्यास को ताइवान की आजादी चाहने वालों के लिए जवाब बता रहा है। चीन ताइवान के नए राष्ट्रपति को अलगाववादी मानता है। हालांकि, चीन के इस सैन्य ड्रील के खिलाफ ताइवान भी पूरी तरह तैयार है। ताइवान ने अपनी आर्मी को चीनी कोस्ट की ओर रवाना कर दिया है। ताइवान का कहना है कि उसकी सेना अपने देश की रक्षा करने के लिए सक्षम है। चीन की किसी भी नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए ताइवाइन की सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। फिलहाल, चीन की बौखलाहट की वजह ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते हैं। पद संभालने के बाद ही राष्ट्रपति लाइ ने कहा था कि चीन ताइवान को सैन्य धमकी न दे। राष्ट्रपति लाई ने कहा था कि ताइवान चीन से डरने वाला नहीं है। बता दें कि लाई ने इसी साल जनवरी में चुनाव जीता है। इसके बाद उन्होंने सोमवार को राष्ट्रपति पद की शपथ ली। बीजिंग नहीं चाहता था कि लाई और उनकी पार्टी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) ताइवान पर रूल करे। चीन लाइ को फूटी आंख भी नहीं सुहाता है।

हालांकि, ताइवान के खिलाफ चीन की गीदड़भभकी पहली बार नहीं है। जब जनवरी में ताइवान में चुनाव हुए थे, तब भी चीन ने अपनी बौखलाहट दिखाई थी। तब चीन ने ताइवान के जल और एयर स्पेस में अपनी सैन्य गतिविधी और पेट्रोलिंग बढ़ा दी थी। इस बार भी जब ताइवान को आजादी समर्थक नया राष्ट्रपति मिल गया है, चीन ने संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है।

## ताइवान को घेरकर चीन का युद्धाभ्यास, लड़ाकू विमान-युद्धपोत शामिल

बीजिंग ।ताइवान में तीन दिन पहले चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग-ते के राष्ट्रपति की शपथ के बाद चीन ने गुरुवार को ताइवान को चारों तरफ से घेरकर दो दिन का युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। ऐसा पहली बार है जब चीन ताइवान के खिलाफ इतने बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास कर रहा है। इससे पहले तक वह सिर्फ ताइवान पर आर्थिक प्रतिबंध लगाता आया है। दरअसल, ताइवान में इस साल जनवरी में हुए राष्ट्रपति चुनाव से पहले चीन ने उम्मीदवार लाई चिंग ते को अलगाववादी कहा था।

# अमेरिका : रामास्वामी ने जॉर्जिया में डेमोक्रेटिक प्राइमरी जीती, सुशीला जयपाल को ओरेगन में मिली हार



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य सीनेट के चुनाव में उम्मीदवारी हासिल करने की कोशिश कर रहे भारतीय-अमेरिकी अश्विन रामास्वामी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राज्य प्राइमरी जीत ली है।

हालांकि, भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला जयपाल को ओरेगन राज्य से कांग्रेस चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक प्राइमरी चुनाव हार गई हैं। रामास्वामी (23) ने कहा, ''नवंबर में मैं रिपब्लिकन सीनेटर शॉन स्टिल का सामना करूंगा-जिन पर डोनाल्ड ट्रम्प के साथ 2020 में फर्जी मतदाता होने का आरोप लगाया गया था। यह जॉर्जिया की सबसे अनिश्चित नतीजों वाली सीनेट सीट है।''

रामास्वामी ने सप्ताह के अंत में जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि हासि की है। रामास्वामी के माता-पिता 1990 में तमिलनाडु से अमेरिका आए थे। वह 'जेनरेशन-जेड' के पहले भारतीय हैं जिन्होंने राजनीति में यह उपलब्धि हासिल की है। इस श्रेणी में 1997 से 2012 के बीच पैदा हुए लोग आते हैं। यदि वह निर्वाचित होते हैं तो जॉर्जिया राज्य में अब तक के सबसे कम उम्र के निर्वाचित प्रतिनिधि होंगे और जॉर्जिया में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतवंशी होंगे।

ऑरेगॉन में 62 वर्षीय सुशीला कांग्रेस के चुनाव में उम्मीदवारी की दावेदारी हार गईं। वह ऑरेगॉन के तीसरे कांग्रेस जिले में राज्य प्रतिनिधि मैक्सिन डेक्सटर से हार गईं। डेक्सटर को 51 फीसदी वोट मिले। प्रमिला जयपाल ने कहा, 'मुझे अपनी असाधारण बहन सुशीला जयपाल पर बहुत गर्व है। हमारे परिवार को ऐसे परिणाम की उम्मीद नहीं थी, लेकिन मुझे पता है कि सुशीला ने सब कुछ दांव पर लगा दिया और जनहित में निहित प्रगतिशील अभियान चलाया।'

## लड़की ने माता पिता पर केस किया पूछा- बिना इजाजत मुझे पैदा क्यों किया?

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** कोई लड़की अपने माता पिता से ये पूछे की आपने मुझे बिना इजाजत के पैदा क्यों किया। इसका जवाब शायद किसी के पास नहीं होगा। अमेरिका के न्यूजर्सी की रहने वाली टिकटॉकर कास थिएज़ ने कुछ दिनों पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था, इसमें वो अपनी कार में बैठी थीं और कह रही थीं कि उन्होंने अपने माता-पिता पर केस कर दिया क्योंकि उन्होंने बिना उसकी परमिशन के उसे पैदा कर दिया। पर फिर उसने बताया कि उसके खुद के भी बच्चे हैं। ये जानकर लोग इतना ज्यादा हैरान हुए कि उसे जमकर ट्रोल करने लगे। बहुत से लोगों ने कहा कि उसे चेकअप करवाने की जरूरत है, उसका मानसिक संतुलन खराब है।

लड़की ने पहले वीडियो में बताया कि अगर उसके माता-पिता को बच्चा पैदा करना था तो प्रेग्नेंसी से पहले उसे एक तांत्रिक से संपर्क करना चाहिए था और उसकी आत्मा से संपर्क कर पूछना चाहिए था कि क्या वो इस दुनिया में आना चाहती है या नहीं। उसके बाद उन्हें आगे बढ़ना चाहिए था। पर उन्होंने ऐसा नहीं किया, इसलिए उसने उनपर केस कर दिया। जब लोगों ने उससे पूछा कि फिर उसके बच्चे क्यों हैं, तो उसने बोला कि उसने बच्चों को गोद लिया है, पैदा नहीं किया। इस वजह से वो उन्हें इस दुनिया में लाने के लिए जिम्मेदार नहीं है। जब उसका वीडियो वायरल होने लगा और लोगों ने उसे ट्रोल किया तो लड़की ने पूरी सच्चाई बताई। लड़की के अकाउंट पर लिखा है कि वो एक हास्य-व्यंग्य से जुड़ा अकाउंट है। लिहाजा उसकी कही गई बात सिर्फमजाक है, उसमें कोई भी सच्चाई नहीं है। लड़की ने बताया कि वो एक समलैंगिक है। जिन लोगों को पता है कि वो मजाक कर रही है, उन्होंने उसके कॉमेडी की तारीफकी और वीडियो पर उसी तरह के रिएक्शन भी दिए।

# फिलिस्तीन को मान्यता देने वाले देशों पर भड़के नेतन्याहू, राजदूत बुलाए, एक्शन की चेतावनी

**तेलअवीव(एजेंसी)।** फिलिस्तीन को औपचारिक देश के रूप में मान्यता देने वाले नॉर्वे, स्पेन और आयरलैंड पर इजरायल भड़क गया है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए तीनों देशों से राजदूत वापस बुला लिए हैं। साथ ही तंज भी कसा कि यह हत्यारों को गोल्ड मेडल देने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह कदम 7 अक्तूबर को इजरायल में हुए भीषण नरसंहार का समर्थन करता है। हालांकि इससे हम रुकने वाले नहीं हैं। अगर यह फैसला वापस नहीं लिया तो हम उन देशों के खिलाफ भी इसी तरह के कदम उठाएंगे। स्पेन, नॉर्वे और आयरलैंड के फिलिस्तीन को मान्यता देने पर इजरायल इस कदर भड़का हुआ है कि उसने इस तीनों देशों से तुरंत अपने राजदूत वापस बुला लिए। विदेश मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा, मैं आज स्पष्ट संदेश भेज रहा हूं कि अगर कोई भी इजरायल की संप्रभुता को कमजोर करता है और इसकी सुरक्षा में दखलंदाजी करता है तो इजरायल उन लोगों के खिलाफ सख्ती बरतेगा।काट्ज ने कहा, आयरलैंड और नॉर्वे ने



फिलीस्तीन को मान्यता देने का फैसला लेकर हमास और ईरान को इनाम देने का विकल्प चुना है। साथ ही दुनिया के सामने यह संदेश स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद फ़ायदेमंद है जबकि इस आतंकवादी संगठन हमास ने यहूदियों का सबसे बड़ा नरसंहार और दुनियाभर में सबसे ज्यादा यौन अपराध किया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए, इज़रायल चुप नहीं रहेगा। इसके और भी गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। स्पेन अगर फिलिस्तीन को मान्यता देने के इरादे पर कायम रहता है, तो उसके खिलाफ भी इसी तरह का कदम उठाया जाएगा। प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि स्पेन, आयरलैंड और नॉर्वे की फिलिस्तीन को देश की मान्यता देना आतंकवाद के लिए इनाम देने के समान है। नेतन्याहू ने कहा कि आतंकवाद फैलाने वाले किसी देश को इस तरह से बढ़ावा दिए जाने का काम नहीं करना चाहिए। यह कदम 7 अक्तूबर को हमारे देश में हुए नरसंहार को बढ़ावा देने जैसा है। उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद के लिए पुरस्कार नहीं दिया जाता और यह कदम हमे हमास के खिलाफ हमला करने से नहीं रोक सकता। उधर, फिलिस्तीन को मान्यता देने के अपने फैसले को सही ठहराते हुए नॉर्वे, स्पेन और आयरलैंड ने कहा कि वे औपचारिक रूप से अगले सप्ताह तक फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दे दें। नॉर्वे ने तारीख की भी घोषणा की। पीएम गार स्तोर ने कहा कि 28 मई को फिलिस्तीन को देश के रूप में मान्यता दी जाएगी। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ ने कहा है कि नेतन्याहू दो-राष्ट्र समाधान को जोखिम में डाल रहे हैं।

# शीर्ष अदालत का फैसला, निखिल गुप्ता को अमेरिका करें प्रत्यर्पित

### -खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू की हत्या के प्रयास का मामला

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका ने खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के असफल प्रयास मामले में निखिल गुप्ता को आरोपी माना है। वॉशिंगटन ने चेक गणराज्य सरकार से उनके प्रत्यर्पण की मांग की थी। लोअर कोर्ट और हाईकोर्ट के बाद अब शीर्ष अदालत ने भी निखिल गुप्ता के प्रत्यर्पण को हरी झंडी दे दी है।

खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू की हत्या का प्रयास के इस हाई-प्रोफाइल मामले में आरोपी बताए जा रहे निखिल गुप्ता को अमेरिका प्रत्यर्पित करने का रास्ता साफ हो गया है। चेक गणराज्य की शीर्ष अदालत ने निखिल गुप्ता की याचिका और आपत्तियों को ठुकराते हुए निखिल को अमेरिका प्रत्यर्पित करने के पक्ष में फैसला सुनाया है। अब चेक गणराज्य की जस्टिस मिनिस्ट्री को निखिल गुप्ता को अमेरिका प्रत्यर्पित करने पर आखिरी फैसला लेना है।

निखिल गुप्ता को करीब एक साल पहले पराग्वे में गिरफ्तार किया था। निखिल की गिरफ्तारी के बाद अमेरिका ने निखिल को प्रत्यर्पित करने का आग्रह किया था, ताकि पन्नू मामले में निखिल के खिलाफ मुकदमा चलाया जा सके। निखिल ने इसके खिलाफ चेक गणराज्य की अदालत में याचिका दायर की थी। पराग्वे की ट्रायल कोर्ट ने 23 नवंबर 2023 को निखिल की याचिका खारिज करते हुए उसे प्रत्यर्पित करने का आदेश दिया था। निखिल ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने 8 जनवरी 2024 को ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। इसके बाद निखिल ने शीर्ष अदालत का रुख किया। एक रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष अदालत ने भी निखिल की याचिका खारिज करते हुए उसको अमेरिका प्रत्यर्पण का रास्ता साफ कर दिया।

रिपोर्ट के मुताबिक निखिल गुप्ता ने अमेरिका प्रत्यर्पित किए जाने का विरोध किया था। उसने कोर्ट से इस मामले की राजनीतिक प्रकृति को संज्ञान में लेने और सभी दस्तावेजों की छानबीन करने का आग्रह किया था। निखिल के वकील की दलील पर शीर्ष अदालत ने कहा कि अदालत ने न केवल अमेरिका की ओर से मुहैया कराए गए प्रत्यर्पण दस्तावेज की छानबीन की है, बल्कि निखिल गुप्ता के विरोध पर यूएसए की ओर से मुहैया कराए गए अतिरिक्त दस्तावेज को भी पूरी तरह से देखा और परखा है।

एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका में विक्रम यादव नामक रॉ अधिकारी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के प्रयास की साजिश में शामिल थे और इस कदम को भारतीय जासूसी एजेंसी रॉ के



तत्कालीन प्रमुख सामंत गोयल ने मंजूरी दी थी। मीडिया खबर में दावा किया गया है कि पन्नू खालिस्तान आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक है और सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का कानूनी सलाहकार और प्रवक्ता है। एसएफजे का उद्देश्य एक अलग सिख राष्ट्र के विचार को बढ़ावा देना है। बता दें कि भारत सरकार ने पन्नू को आतंकवादी घोषित कर रखा है।

# आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में आज होगा सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स में मुकाबला

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला होगा। इस मुकाबले में जीत के साथ ही फाइनल में जगह बनाने के लिए दोनो ही टीम अपना पूरा जोर लगा देंगी। ऐसे में ये मुकाबला रोमांचक होना तय है। इस मैच में दोनो ही टीम बराबरी की दावेदार मानी जा रही हैं। राजस्थान ने पहले एलीमिनेटर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर को हराकर दूसरे क्वालीफायर में जगह बनायी हैं। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज लय में हैं जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं सनराइजर्स की टीम को पहले क्वालीफायर में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में वह दबाव में होगी। पहले क्वालीफायर में उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ट्रेविड हेड और अभिषेक शर्मा असफल रहे थे और केवल हेनरिक क्लासेन ही टिक पाये थे। ऐसे में अब इस मैच में हेड और अभिषेक को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। सनराइजर्स के बल्लेबाजों को राजस्थान के स्पिनरों युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन से कड़ी टक्कर मिलेगी। ये दोनो ही स्पिनर अभी अच्छी लय में हैं।

हेड और अभिषेक की सलामी जोड़ी ने इस सत्र में तूफानी शुरुआत करते हुए 199.62 के स्ट्राइक रेट से 533 रन बनाए हैं। दोनों ने मिलकर अब तक 72 छक्के और 96 चौके मारे हैं। इसके अलावा सनराइजर्स के पास हेनरिक क्लासेन के रूप में एक बेहतरीन बल्लेबाज है जिसने अब तक 34 छक्के लगाये हैं। सनराइजर्स के बल्लेबाजों का ध्यान रखना होगा कि चेपक में खेलना आसान नहीं है। यहां गेंद रुककर आती है और आते ही बड़े शॉट खेलना आसान नहीं होता। अपना अधिकतर क्रिकेट इसी मैदान पर खेलने वाले रॉयल्स के ऑफ स्पिनर अश्विन यहां की पिच को अच्छी तरह से समझेत हैं और ऐसे में उनके खिलाफ रन बनाना विरोधी टीम के लिए बेहद कठिन होगा।

राजस्थान का लक्ष्य किसी प्रकार हेड, अभिषेक और क्लासेन को जल्दी से आउट करना रहेगा। जहां तक सनराइजर्स की गेंदबाजी की बात है तो इसकी जिम्मेदारी टी नटराजन पर होगी जो इस सत्र में टीम के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं और यहां अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए हालातों का फायदा उठाना




चाहेंगे। इसके अलावा तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और कप्तान पैट कमिंस की अनुभवी जोड़ी भी यहां कमाल करना चाहेगी। क्योंकि पिछले दो मैचों में भुवनेश्वर कुमार ने कोई विकेट नहीं लिया है। सनराइजर्स को इस मैच में अच्छे स्पिनर की कमी खेलेगी।

उसके स्पिनर मयंक मार्कंडेय बहुत अधिक प्रभावी नहीं हैं जबकि शाहबाज अहमद भी सामान्य स्पिन गेंदबाजी करते हैं। राजस्थान के पास बल्लेबाजी में कप्तान संजू सैमसन के अलावा यशस्वी जायसवाल और रियान पराग जैसे बल्लेबाज हैं। यशस्वी ने पहले एलीमिनेटर मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी की थी। सैमसन को बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योंकि वह पिछले तीन मुकाबलों में 20 रन से आगे नहीं पहुंचे हैं। मध्य क्रम में ध्रुव जुरेल अपने पिछले दो मैचों में रन नहीं बना पाये हैं। इसके अलाव शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल भी टीम के लिए आक्रामक बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद-** पैट कमिंस (कप्तान) अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, , भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह, ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव, जे सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को येनसन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल।

**राजस्थान रॉयल्स-** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, आवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौर, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन।

# सीएसके सीईओ का ईशारा- उम्मीद है कि धोनी अगले साल खेलेंगे






**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासी विश्वनाथन ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग में बतौर खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। सीएसके की अगुआई करते हुए 5 रिकॉर्ड आईपीएल खिताब दिलाने वाले धोनी ने इस सत्र के शुरू होने से एक दिन पहले कप्तानी से हटने का फैसला किया और यह जिम्मेदारी रूतुराज गायकवाड़ को सौंप दी थी। सीएसके इस सत्र में 5वें स्थान पर रहीं।

अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह धोनी का टूर्नामेंट में अंतिम सत्र हो सकता है लेकिन विश्वनाथन ने माना कि अपने भविष्य पर अंतिम फैसला करना पूरी तरह से पूर्व भारतीय कप्तान धोनी पर निर्भर है। विश्वनाथन ने सीएसके के यूट्यूब चैनल पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि मुझे नहीं पता। यह ऐसा सवाल है जिसका जवाब सिर्फ एमएस ही दे सकते हैं। हमने हमेशा एमएस के फैसले का सम्मान किया है। हमने यह उस पर छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सब जानते हो, उसने हमेशा अपने फैसले लिये हैं और उचित समय पर इनकी घोषणा की है। हमें उम्मीद है कि जब वह फैसला करेगा, तभी हमें इसकी जानकारी होगी। विश्वनाथन ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि वह अगले साल सीएसके लिए उपलब्ध होंगे। यह प्रशंसकों और मेरे विचार और उम्मीदें हैं। धोनी ने पिछले साल घुटने के उपचार के लिए सर्जरी कराई थी, उन्होंने इस सत्र में 73 गेंद में 161 रन बनाये और स्टंप के पीछे भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा। आईपीएल की मेगा नीलामी साल के अंत में होगी और अगर धोनी बरकरार रहते हैं तो इसमें कोई शक नहीं कि सीएसके उन्हें रिटेन रखेगा।

## हार से टूटे कार्तिक को विराट ने संभाला

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** बेंगलुरु (ईएमएस)। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की हार के साथ ही उसके अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक बेहद निराश नजर आये। माना जा रहा है कि 38 साल के कार्तिक का ये अंतिम आईपीएल मैच था। इस सत्र में लगातार छह जीत के साथ आरसीबी प्लेऑफ में पहुंची थी पर एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स से हार के बाद उसका खिताब का सपना फिर टूट गया। वहीं कार्तिक का आईपीएल करियर भी समाप्त हो गया।

इस मैच में टीम की हार के बाद कार्तिक ने अपने दस्ताने उतारे और प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया जो पूरे सत्र में उनके योगदान के लिए सराहना करने के लिए खड़े थे। इस दौरान वह वह अपनी भावनाओं पर नियंत्रण का प्रयास करते दिखे। वहीं पूर्व कप्तान विराट कोहली ने उन्हें गले लगा लिया। , कार्तिक ने अभी तक आईपीएल से अपने संन्यास की आधिकारिक घोषणा नहीं की है पर जिस प्रकार के उन्होंने संकेत दिए उससे साफ है कि ये उनका अंतिम सत्र था।

ड्रेसिंग रूम की ओर वापस जाते समय कार्तिक को आरसीबी के खिलाड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। वह आरसीबी के लिए एक अहम खिलाड़ी थे। उन्होंने डेथ ओवर्स में गजब की बल्लेबाजी की। अंतिम मैचों में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के कारण टीम को प्लेऑफ में जगह मिली। अगर यह सत्र कार्तिक का अंतिम सीजन साबित होता है तो वह 257 मैचों में 4,842 रन बनाकर अपने आईपीएल करियर का समापन करेंगे, जिसमें 22 अर्धशतक शामिल हैं। अपने 17 साल के शानदार आईपीएल करियर में कार्तिक ने छह फ्रेंचाइजी के लिए खेला है। इसमें दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) पंजाब किंग्स मुंबई इंडियंस, गुजरात लायंस, कोलकाता नाइटराइडर्स और आरसीबी शामिल हैं।

## दिनेश कार्तिक ने आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महेंद्र सिंह धोनी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का अंतरराष्ट्रीय करियर भले ही परवान नहीं चढ़ा हो लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से इस खेल के प्रशंसकों के दिलों पर राज किया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्तिक ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलिमिनेटर मैच में हार के बाद अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल करियर को अलविदा कह दिया।

आईपीएल ऐसा मंच है जहां कार्तिक की मांग कभी कम नहीं हुई। अपने 20 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में कई बार टीम से अंदर-बाहर होने वाले कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 एकदिवसीय और 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। पिछले कुछ समय से कमेंटेटर की भूमिका निभाने वाले कार्तिक ने 38 साल की उम्र में भी विकेट के पीछे अपनी फिटनेस और बल्ले से चतुराई भरे शॉट खेल कर खुद को आज के दौर में भी प्रासंगिक बनाये रखा।

आईपीएल के इस सत्र में बल्ले से दमखम दिखाने के बाद कार्तिक ने खुद को राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध




करार दिया था लेकिन भारतीय चयनकर्ताओं ने युवा प्रतिभा को मौका देने का मन बना लिया था। कार्तिक ने इस साल फरवरी मार्च में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला के दौरान संन्यास लेने का मन बना लिया था लेकिन उनकी योजना के बारे में दुनिया को तब पता चला जब इंग्लैंड के माइकल एथरटन ने एक पॉडकास्ट में गलती से इसका खुलासा कर दिया।

कार्तिक 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद से इसका अहम हिस्सा रहे हैं। उन्होंने इसके 17 सत्र में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया और 5000 से ज्यादा रन बनाये है। विकेट के पीछे भी उन्होंने 145 कैच लपकने के साथ 37 स्टंपिंग किये हैं। वह 2013 में आईपीएल चैम्पियन बनने वाली टीम मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे। उन्होंने इस दौरान कई क्रम पर बल्लेबाजी की लेकिन आरसीबी के साथ पिछले तीन साल से फिनिशर की भूमिका में प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

बड़े शॉट खेलने वाले बल्लेबाजों के बीच में कार्तिक ने अपनी चतुराई से गेंद को दो क्षेत्ररक्षकों के बीच से निकाल कर बाउंड्री लगाना जारी रखा। उन्होंने 2022 आईपीएल सत्र में 183 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाकर टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में वापसी की लेकिन यह राष्ट्रीय टीम के साथ उनका आखिरी टूर्नामेंट साबित हुआ। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी ने महज 19 साल की उम्र में भारतीय टीम के लिए एकदिवसीय में पदार्पण किया था। उन्होंने इस मैच में इंग्लैंड के तत्कालीन कप्तान माइकल वॉन को शानदार तरीके से स्टंप कर इस मैच को हमेशा के लिए यादगार बना दिया था।

## टी20 विश्व कप के लिए रिचर्ड्स को पाक टीम का मेंटर बनाना चाहते हैं नकवी

कराची । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के नये अध्यक्ष मोहसिन नकवी आगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए किसी दिग्गज को टीम से जोड़ना चाहते है। इसी के तहत उनका लक्ष्य वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर विव रिचर्ड्स को राष्ट्रीय टीम का मेंटर बनाना है। रिचर्ड्स साल 2016 से ही पाकिस्तान सुपर लीग में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के मेंटोर रहे हैं। नकवी का ये भी मानना है कि सुपर आठ चरण के अधिकांश मैच कैरेबियाई देशों में होने हैं और ऐसे में रिचर्ड्स की सलाह अहम रहेगी क्योंकि उन्हें सभी मैदानों ओर हालतों की पूरी जानकारी है। पीसीबी की ओर से एक अधिकारी ने कहा, 'रिचर्ड्स के पास विश्व कप के लिए पहले से ही कुछ मीडिया प्रतिबद्धताएं हैं पर इसके बाद भी वह हमारे सलाहकार बन सकते हैं। इसका कारण है कि पाक खिलाड़ी उनका बेहद सम्मान करते हैं। साथ ही कहा कि अगर हमारा करार हो जाता है तो रिचर्ड्स विश्व कप के लिए टीम मेंटर होंगे। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन 2021 और 2022 के विश्वकप में टीम मेंटर रहे थे। तब पाक टीम सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंची थी।



## मैंने भारतीय टीम के कोच का प्रस्ताव ठुकराया : पोंटिंग

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने का प्रस्ताव मिला था पर उन्होंने स्वीकार नहीं किया। पोंटिंग ने कहा कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह अभी इतना लंबा समय नहीं दे सकते। राष्ट्रीय टीम का कोच बनने का मतलब है साल में अधिकतर समय घर से बाहर रहना जबकि अभी वह परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं। पोटिंग पिछले सात सत्र से दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हैं। वह ऑस्ट्रेलियाई टी20 टीम के अंतरिम कोच भी रहे हैं। पोंटिंग ने कहा, 'आईपीएल के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड की ओर से उनसे संपर्क किया गया था पर उन्होंने इंकार कर दिया। साथ ही कहा कि अभी मेरे जीवन में अन्य चीजें हैं और मैं घर पर कुछ समय बिताना चाहता हूं। हर कोई जानता है कि अगर आप भारतीय टीम के साथ काम करोगे तो आप आईपीएल टीम में भी शामिल नहीं हो सकते। इसके अलावा राष्ट्रीय मुख्य कोच साल में 10 या 11 महीने की नौकरी है इसलिए मैं अभी इसे नहीं करना चाहता हूं, यह अभी मेरी जीवनशैली और उन चीजों में फिट नहीं बैठती है जिन्हें मैं वास्तव में करना पसंद करता हूं.' पोंटिंग ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे के साथ इस प्रस्ताव पर चर्चा की और वह भारत आने के लिए तैयार लग रहा था। उन्होंने कहा, 'मेरे परिवार और मेरे बच्चों ने पिछले पांच सप्ताह आईपीएल में मेरे साथ बिताए हैं और वे हर साल यहां आते हैं और मैंने अपने बेटे को इसके बारे में बताया। मैंने कहा, 'पापा को भारतीय कोच की नौकरी की पेशकश की गई है' और उसने कहा, 'बस इसे स्वीकार कर लीजिए पापा, हम अगले कुछ वर्षों के लिए वहां जाना पसंद करेंगे। वे वहां रहना और भारत में क्रिकेट की संस्कृति को कितना पसंद करते हैं पर अभी यह शायद मेरी जीवनशैली में पूरी तरह से फिट नहीं बैठता।



# एफआईएच प्रो लीग : भारतीय पुरुष टीम ने अर्जेंटीना को शूटआउट में 5-4 से हराया

**एंटवर्प (बेल्जियम) (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में निर्धारित समय में 2-2 से बराबरी पर रहने के बाद शूटआउट में अर्जेंटीना को 5-4 से हराने में सफल रही। भारत के लिए मनदीप सिंह (11वें मिनट) और ललित कुमार उपाध्याय ने मैदानी गोल दागे जबकि अर्जेंटीना की ओर से लुकास मार्टिनेज (20वें) और टॉमस डोमेने (60वें) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किये। शूटआउट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह ने 2-2 गोल जबकि अभिषेक ने एक गोल किया। पहले हाफ में भारत और अर्जेंटीना के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

दुनिया की छठे नंबर की भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में दबदबा बनाया लेकिन उससे एक पायदान निचली रैंकिंग वाली अर्जेंटीना ने अगले 15 मिनट में बेहतर खेल दिखाया। भारतीयों ने सकारात्मक शुरुआत की और संजय ने 5वें मिनट में पहला शॉट लगाया, लेकिन अर्जेंटीना के गोलकीपर टॉमस सैंटियागो काफी सतर्क थे और उन्होंने




'रिवर्स हिट% का अच्छा बचाव किया। भारत को हालांकि गोल के लिए ज्यादा देर तक इतंजार नहीं करना पड़ा। छह मिनट बाद मनदीप ने राजकुमार पाल की मदद से मैदानी गोल दाग दिया।

पहले क्वार्टर से अर्जेंटीना के खिलाड़ी गोल करने के करीब पहुंचे लेकिन भारत की बढ़त बरकरार रही। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने अनुभवी पीआर श्रीजेश को गोलकीपिंग की जिम्मेदारी देना जारी रखा जिससे संकेत मिलता है कि पेरिस ओलंपिक टीम में एकमात्र गोलकीपर के स्थान पर उन्हें प्राथमिकता मिलेगी। दूसरे क्वार्टर में अर्जेंटीना ने भारतीय डिफेंस पर दबाव बनाना शुरू कर दिया और उसने तेजी से तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर लुकास मार्टिनेज ने रिबाउंड पर गोल कर दिया जबकि श्रीजेश ने निकोलस डेला टोरे के शॉट का शानदार बचाव किया था।

दूसरे क्वार्टर के अंतिम पांच मिनट में भारतीयों ने लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन कप्तान हरमनप्रीत इन्हें गोल में नहीं बदल सके। दूसरे हाफ में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर थी। अर्जेंटीना ने सर्कल में सेंध लगाने के प्रयास किये लेकिन गोल नहीं कर सके। तीसरे क्वार्टर से कुछ सेकंड पहले भारत को अभिषेक की मदद से एक शानदार मौका मिला था लेकिन उनका शॉट गोल से बाहर चला गया। फिर भारत ने ललित की बदौलत दूसरा गोल दागा जिन्होंने जरमनप्रीत सिंह के पास को नेट में पहुंचाया।


एक गोल से पिछड़ने के बाद अर्जेंटीना की हताशा बढ़ गयी और उसने दूसरे गोल की कोशिश में अपने गोलकीपर की जगह एक खिलाड़ी बुला लिया। उनकी यह रणनीति कारगर रही और भारतीय डिफेंस को दबाव में लाते हुए डोमेने गोल करने में कामयाब रहे जिससे स्कोर 2-2 हो गया और फैसला शूटआउट से हुआ। भारतीय पुरुष टीम प्रो लीग के यूरोपीय चरण में शुक्रवार को मेजबान बेल्जियम से भिड़ेगी।

## टी20 विश्व कप में अहम भूमिका निभाएंगे हार्दिक : युवराज

नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने खराब फार्म के कारण आलोचनाएं झेल रहे ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या का बचाव करते हुए कहा है कि वह आईसीसी टी20 विश्व कप में अहम भूमिका निभाएंगे। युवराज ने कहा कि टूर्नामेंट में भारतीय टीम के लिए पांड्या की फिटनेस और गेंदबाजी अहम रहेगी। टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा करेंगे जबकि पांड्या उपकप्तान रहेंगे। पांड्या का प्रदर्शन आईपीएल में अच्छा नहीं रहा था जिससे उन्हें उपकप्तानी दिये जाने पर भी सवाल उठे थे। युवराज ने कहा, अच्छी बात यह है कि चयन हो गया है। इसमें खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदर्शन को महत्व दिया जाता है। इसके बाद ही आईपीएल फॉर्म को देखा जाता है। केवल आईपीएल फॉर्म से ही काम नहीं बनता है।

## 20 विश्वकप के लिए अफगानिस्तान टीम के गेंदबाजों को टिप्स देंगे ब्रावो

काबुल । अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने अगले माह होने वाले टी-20 विश्वकप को देखते हुए वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को टीम का गेंदबाजी सलाहकार बनाया है। अफगानिस्तान टीम विश्वकप की तैयारियों के लिए 10 दिन के एक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी। इसी में ब्रावो टीम को गेंदबाजी की बारीकियों सिखाएंगे। ब्रावो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद दुनियाभर की टी20 लीग में खेलते रहे हैं। इस वर्ष की शुरुआत में उन्होंने आईएल टी-20 में खेला था। जहां वह चैंपियन रही एमआई एमिरेट्स का हिस्सा थे। उनके नाम 573 मैचों में 600 से अधिक विकेट हैं। वह टी-20 क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। ब्रावो आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच भी हैं। 2022 में आईपीएल से संन्यास लेने के बाद से ही वह गेंदबाजी कोच के तौर पर काम कर रहे हैं। अफगानिस्तान की टीम को विश्वकप में अपना पहला अभ्यास मैच 29 मई को ओमान के साथ खेलेगी। इसके बाद टीम 31 मई को स्कॉटलैंड से खेलेगी।वहीं पहला मैच पांच जून को युगांडा के खिलाफ खेलना है। विश्वकप में अफगानिस्तान की टीम को वेस्टइंडीज़, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी और यूगांडा के साथ ग्रुप सी में रखा गया है।




## पूर्व सीएसके स्टार अंबाती रायुडू ने उड़ाया आरसीबी का मजाक, इंटरनेट पर धूम मचा रही इंस्टाग्राम पोस्ट

चेन्नई । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से बाहर होने के बाद एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया जो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। फ्रैंचाइजी और टीमों के प्रशंसकों के बीच लड़ाई देखना आम बात है, लेकिन अक्सर ऐसा नहीं होता कि कोई क्रिकेटर इंटरनेट पर इस तरह की लड़ाई में भाग लेते हुए दिखे। यह आरसीबी ही थी जिसने इस अभियान में सीएसके को आईपीएल 2024 से बाहर कर दिया जिससे रायुडू परेशान हो गए। लेकिन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार के बाद ऐसा लग रहा था कि पूर्व भारतीय बल्लेबाज़ ने बेंगलुरु की टीम के प्रतियोगिता से बाहर होने का आनंद लिया। इंस्टाग्राम पर रायुडू ने आरसीबी का मजाक उड़ाते हुए एक पोस्ट शेयर की जिसका कैप्शन था, 'कभी-कभी एक सौम्य अनुस्मारक की आवश्यकता होती है।' वीडियो पोस्ट में कई सीएसके खिलाड़ियों को 5 का इशारा करते हुए देखा जा सकता है जो इस बात का संकेत देता है कि उन्होंने कितनी बार आईपीएल जीता है। इससे पहले रायुडू ने भी कहा था, 'अगर आप आरसीबी की बात करें तो यह दर्शाता है कि सिर्फ जुनून और जश्न से ही आप ट्रॉफी नहीं जीत सकते। सिर्फ प्लेऑफ में पहुंचने से आपको आईपीएल ट्रॉफी नहीं मिलती। ऐसा मत सोचिए कि सिर्फ सीएसके को हराकर आप ट्रॉफी जीत लेंगे।' रॉयल्य बनाम आरीसीबी मैच की बात करें तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का चौथी बार फाइनल में पहुंचने का सपना आखिरकार टूट गया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए एलिमिनेटर मुकाबले में उनकी टीम को 4 विकेट से हार मिली। आरसीबी ने बीते दिनों चेन्नई सुपर किंग्स को अहम मुकाबले में हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई थी। आरसीबी के लिए प्लेऑफ में जगह बनाना इसलिए भी खास था क्योंकि उन्होंने पहले लगातार छह मुकाबले गंवाए थे और उसके बाद लगातार छह मुकाबले जीतकर आगे बढ़े थे। लेकिन आरसीबी की जीत की लय आखिरकार राजस्थान रॉयल्स ने तोड़ दी। राजस्थान ने टॉस जीतकर आरसीबी को बल्लेबाजी दी थी। आरसीबी ने विराट कोहली के 33, रजत पाटीदार के 34 और लोमरोर के 32 रनों की बदौलत 172 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी राजस्थान को जायसवाल के बाद रियान पराग का सहयोग मिला। अंत में शिमरोन हेटमायर ने बड़े शॉट लगाकर अपनी टीम को 4 विकेट से जीत दिला दी।

# मलेशिया मास्टर्स: कड़े मुकाबले में सिम यू जिन को हराकर सिंधु क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां कड़े मुकाबले में कोरिया की सिम यू जिन को तीन गेम में हराकर मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने कोरिया की दुनिया की 34वें नंबर की खिलाड़ी यू जिन को महिला एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में 59 मिनट में 21-13 12-21 21-14 से हराया। यू जिन के खिलाफ सिंधू की यह तीसरी जीत है।

पिछले साल अक्टूबर में लगी घुटने की चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए हैदराबाद की 28 साल की सिंधू शीर्ष फॉर्म हासिल करने में नाकाम रही है। पांचवीं वरीय सिंधू अगले दौर में शीर्ष वरीय हेन युई से भिड़ेंगी। चीन की इस खिलाड़ी ने पिछले महीने निंग्बो में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंधू को हराया था। पिछला खिताब 2022 में सिंगापुर ओपन में जीतने वाली सिंधू का दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा है। भारतीय खिलाड़ी ने हेन युई के खिलाफ छह में से पांच मुकाबले जीते हैं।

सिंधू ने मुकाबले में धीमी शुरुआत की और पहले गेम में 3-7 से पिछड़ गई। भारतीय खिलाड़ी हालांकि वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाने में सफल रही और फिर लगातार सात अंक के साथ पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। यू जिन ने ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाई और खेल दोबारा शुरू होने पर 14-10 से आगे हो गईं।

कोरिया की खिलाड़ी ने अगले नौ में से सात अंक जीतकर मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खींचा। निर्णायक गेम में यू जिन ने एक बार फिर अच्छी शुरुआत करते हुए 5-1 की बढ़त बनाई। सिंधू ने स्कोर 6-6 किया और फिर 13-9 की बढ़त बनाई। उन्होंने 16-14 के स्कोर पर लगातार पांच अंक के साथ गेम और मैच अपने नाम किया। अन्य मुकाबलों में मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी को चेन टैंग जेइ और टोह ई वेई की मलेशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी के खिलाफ 9-21 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर को पियर्ली टेन और थिनाह मुरलीधरन की मलेशिया की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ महिला युगल में 17-21 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।



# टाटा समूह डिजनी से टाटा प्ले में खरीदेगी 30 फीसदी हिस्सेदारी

## - टाटा प्ले की कीमत लगभग 1 बिलियन डॉलर लगाई गई




**नई दिल्ली ।** वाल्ट डिज़नी कंपनी ने भारत में अपने टीवी चैनल के एक छोटे हिस्से को टाटा ग्रुप को बेचने का फैसला किया है। ऐसा करने से डिज़नी भारत में अपने बाकी बिजनेस को मुकेश अंबानी की मीडिया कंपनी के साथ विलय करने में फोकस कर पाएगी। इस डील में टाटा प्ले लिमिटेड की कीमत लगभग 1 बिलियन डॉलर लगाई गई है। सूत्रों के मुताबिक टाटा ग्रुप ने डिज्नी से 29.8 फीसदी हिस्सा खरीदने के बाद इस टीवी प्लेटफॉर्म का पूरा नियंत्रण ले लिया है। यह सौदा ऐसे समय में हुआ है जब भारत का मीडिया जगत बड़े बदलाव से गुजर रहा है। फरवरी के अंत में डिजनी ने एक बाइंडिंग एग्रीमेंट पर साइन किया था, जिसके तहत उसकी भारतीय इकाई का विलय वायकॉम 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया जाएगा। इस तरह से वायकॉम 18 मीडिया 8.5 बिलियन डॉलर की एक मनोरंजन कंपनी बन जाएगी, जिसके 75 करोड़ दर्शक होंगे और यह दुनिया के इस घनी आबादी वाले देश में इस क्षेत्र में अपना दबदबा बनाएगी। टाटा प्ले की शुरुआत 2001 में टाटा ग्रुप और टीएफसीएफ कॉर्प के बीच एक ज्वाइंट वेंचर के रूप में हुई थी। यह कंपनी सेट-टॉप बॉक्स के जरिए टीवी दिखाने और अपने ऐप के जरिए ऑनलाइन स्ट्रीमिंग दोनों की सुविधा देती है। टाटा संस की वेबसाइट के अनुसार, पूरे भारत में इसके 2 करोड़ 30 लाख कनेक्शन हैं। टाटा प्ले ने 2022 में गुप्त रूप से भारत में ही शेयर बाजार में उतरने के लिए आवेदन किया था, लेकिन अभी तक इसकी लिस्टिंग नहीं हुई है। सूत्रों के मुताबिक, इस साल की शुरुआत में टाटा ग्रुप ने टेमासेक होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड का हिस्सा खरीदकर टाटा प्ले में अपनी हिस्सेदारी को 70 फीसदी से थोड़ा ज्यादा कर लिया।

# सोने और चांदी के भाव में गिरावट

## - सोने का वायदा भाव 72,550, चांदी लगभग 91,300 रुपए



**नई दिल्ली ।**

देश के सराफा बाजारों में गुरुवार को सोने और चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव गुरुवार को गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 72,550 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 91,300 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट 365 रुपये की गिरावट के साथ 72,681 रुपये के भाव पर खुलने के बाद 476 रुपये की गिरावट के साथ 72,570 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत भी सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 173 रुपये की गिरावट के साथ 92,840 रुपये पर खुलने के बाद 1,703 रुपये की गिरावट के साथ 91,310 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,383 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,392.90 डॉलर प्रति औंस था। जो इस समय 19.70 डॉलर की गिरावट के साथ 2,373.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.01 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 31.49 डॉलर था। फिलहाल यह 0.79 डॉलर की गिरावट के साथ 30.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# गेल मध्य प्रदेश में लगाएगी प्लास्टिक कारखाना




## - 50 हजार करोड़ रुपये का करेगी निवेश

**नई दिल्ली ।** सरकारी गैस कंपनी गेल (इंडिया) ने कहा है कि वह मध्य प्रदेश के सीहोर में एक बड़ा कारखाना लगाने की योजना बना रही है। इस कारखाने में सालाना 1.5 मिलियन टन इथेन को क्रैक करके एथिलीन बनाया जाएगा, जिसका उपयोग प्लास्टिक, गोंद, रबर और दूसरी चीजें बनाने में होता है। इस कारखाने पर कंपनी लगभग 50,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। यह गैस कंपनी द्वारा किया गया अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। भारत में प्लास्टिक आदि की मांग लगातार बढ़ रही है और 2040 तक तीन गुना होने का अनुमान है। इसी मांग को पूरा करने के लिए यह कारखाना लगाया जा रहा है। अभी भारत में सिर्फ रिलायंस इंडस्ट्रीज ही विदेशों से इथेन का आयात करती है, वो भी अपने गुजरात और महाराष्ट्र के कारखानों के लिए। ये हर साल करीब 1.5 मिलियन टन इथेन मंगवाती है। इसी राह पर चलते हुए, सरकारी गैस कंपनी गेल मध्य प्रदेश में एक विशाल इथेन क्रैकिंग यूनिट लगा रही है। ये यूनिट सालाना 1.5 मिलियन टन इथेन को प्रोसेस कर प्लास्टिक बनाने में इस्तेमाल होने वाला एथिलीन तैयार करेगी। गौरतलब है कि ये नया कारखाना गेल के उत्तर प्रदेश वाले पुराने कारखाने से दोगुना बड़ा होगा और इसे बनने में 5-6 साल का समय लगने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन भी मध्य प्रदेश में ही एक ऐसा ही कारखाना लगाने जा रही है, जहां वो इथेन का उपयोग करेगी। गेल कंपनी ने विजयपुर से औरैया तक लगभग 1,792 करोड़ रुपये की लागत से एक नई पाइपलाइन बनाने की योजना को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना को 32 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह पाइपलाइन कंपनी के पाता पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाने, प्लास्टिक उत्पादन को बढ़ाने और साथ ही साथ ऊर्जा की खपत और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मददगार होगी।

# मेड इन इंडिया स्मार्टफोन का निर्यात 42 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली ।**

भारत में बने स्मार्टफोन दुनिया में काफी पसंद किए जा रहे हैं। यही वजह है कि वित्त वर्ष 2024 में सालाना आधार पर भारतीय स्मार्टफोन का निर्यात 42 फीसदी बढ़कर 15.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। अप्रैल, 2022 से भारत ने स्मार्टफोन निर्यात के आंकड़ों का अलग से संग्रहण करना शुरू किया था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत ने वित्त वर्ष 2024 में स्मार्टफोन का सबसे ज्यादा निर्यात अमेरिका, अरब यूनाइटेड अरब अमीरात, नीदरलैंड्स और इंग्लैंड को किया। अमेरिका को किए जाने वाले निर्यात में तो 158 फीसदी का उछाल आया और कुल 5.6 अरब डॉलर मूल्य के स्मार्टफोन भारत से अमेरिका भेजे गए। सैल्यूलर एंड इलेक्ट्रोनिक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का कहना है कि भारत में वित्त वर्ष 2024 में कुल 4.1 लाख करोड़ रुपये मूल्य के मोबाइल डिवासेज का उत्पादन किया गया। सालाना



आधार पर उत्पादन में 17 फीसदी का उछाल आया है।

# व्हूप ने रोनाल्डो को बनाया अपना ब्रांड एम्बेस्डर

**नई दिल्ली ।**

भारतीय बाज़ार में स्मार्ट बैंड, स्मार्ट वॉच ने बहुत तेजी से जगह बना ली है, और लोग इसका इस्तेमाल भी कर रहे हैं। आजकल एक ऐसा डिवाइस खूब चर्चा में है जिसने अभी-अभी भारत में एंट्री की है। खास बात ये है कि इस बैंड का इस्तेमाल दिग्गज एथलीट विराट कोहली और क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी करते हैं। यहां हम बात कर रहे हैं अमेरिकी कंपनी व्हूप के फिटनेस बैंक के बारे में।हाल में व्हूप ने रोनाल्डो को अपना ब्रांड एम्बेस्डर बनाया है। ये कंपनी फिटनेस बैंड बनाती है, और अब ये काफी चर्चा में है, क्योंकि इस कंपनी ने भारत में एंट्री कर ली है। कहा जाता है कि व्हूप सिर्फ आपके लिए फिटनेस ट्रैकर नहीं है। बल्कि ये एक ऐसा गैजेट है जो स्टेप्स काउंड, कैलोरी काउंट, करने के अलावा भी कई काम कर सकता है।इसके अलावा जरूरी चीज़ ये है कि ये यूजर के बॉडी के इंटरनल सिग्नल पर फोकस रखता है। यह आपके हार्ट रेट, स्लीप क्वालिटी और आपके बॉडी मैट्रिक्स पर भी लगातार नज़र रखता है। व्हूप की खास बात ये है कि ये सिर्फ आपके फिजिकल हेल्थ को ट्रैक नहीं करता है, बल्कि आपने कितनी मात्रा में शराब ली है।




ये महिलाओं के मासिक धर्म चक्र को भी ट्रैक करता है। बाकी फिटनेस ट्रैकर्स की तरह व्हूप फिटनेस बैंड आपको नोटिफिकेशन से परेशान नहीं करता है या वॉच फेस से आपका ध्यान नहीं भटकाता है। ये बैकग्राउंड में चुपके से आपका डेटा कलेक्ट करता है, और आपको अपनी परफॉर्मेंस पर फोकस रहने में मदद करता है। बता दें कि आज के समय में हर कोई फिटनेस को लेकर काफी अलर्ट रहना चाहता है। यही वजह है कि कंपनियां तेजी से स्मार्ट ट्रैकिंग डिवाइसेज बनाने पर काम कर रही हैं।

# गोदरेज प्रॉपर्टीज ने नोएडा में 650 आवास बेचे




**नई दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने नोएडा के सेक्टर 146 में स्थित अपनी परियोजना गोदरेज जार्डिनिया में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के करीब 650 घर बेचे हैं। परियोजना मई 2024 में ही पेश की गई थी। कंपनी ने कहा कि बिक्री मूल्य के मामले में यह गोदरेज प्रॉपर्टीज की नोएडा में अभी तक की सबसे सफल पेशकश है। गोदरेज प्रॉपर्टीज के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि नोएडा गोदरेज प्रॉपर्टीज के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण बाजार है। हम आने वाले वर्षों में शहर में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने की कोशिश करेंगे। गोदरेज प्रॉपर्टीज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है। इसकी मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पुणे और बेंगलुरु संपत्ति बाजारों में उपस्थिति है।



# एमजी मोटर ने 3,000 ईवी की आपूर्ति करने वर्टेलो से किया करार

नई दिल्ली । एमजी मोटर इंडिया ने विद्युतीकरण मंच वर्टेलो को 3,000 ईवी की आपूर्ति करने के लिए एक प्रारंभिक समझौता किया है। इस संबंध में दोनों ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एमजी मोटर इंडिया ने एक बयान में कहा कि साझेदारी के तहत लोगों को टिकाऊ परिवहन समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। देश में एक मजबूत ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे की स्थापना की दिशा में भी काम करेंगे। एमजी मोटर इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एमजी इंडिया और वर्टेलो के बीच यह साझेदारी भारत के कार्बन मुक्त के साथ ही हरित तथा टिकाऊ भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण दिखाती है। उन्होंने कहा कि करीब 3,000 इलेक्ट्रिक कार की खरीद के लिए एमजी मोटर इंडिया के साथ यह साझेदारी दोनों संगठनों के लिए बेड़े के विद्युतीकरण में तेजी लाने और शून्य उत्सर्जन हासिल करने के एक सामान्य लक्ष्य के साथ नए सफर की शुरुआत का प्रतीक है।

# टेक महिंद्रा ने फ़ूजी टीवी से की साझेदारी

**नई दिल्ली ।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टेक महिंद्रा ने भारतीय दर्शकों के लिए विभिन्न स्थानीय भाषाओं में उनकी सामग्री लाने के लिए जापान के प्रसारक फ़ूजी टीवी के साथ साझेदारी की है। कंपनी बयान के अनुसार साझेदारी के तहत फूजी टीवी की मूल सामग्री को टेक महिंद्रा की स्थानीयकरण तथा एनीमेशन सेवाओं के साथ जोड़ा जाएगा। टेक महिंद्रा के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि हम भारतीय, जापानी और अन्य प्रमुख बाजारों के लिए आईपी विकसित करने की काफी संभावनाएं देखते हैं। फ़ूजी टेलीविज़न नेटवर्क के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि लक्ष्य न केवल भारतीय बाजार में कारोबार का विस्तार करना है बल्कि ऐसी नवीन सामग्री तैयार करना है जिसमें वैश्विक स्तर तक पहुंचने की क्षमता हो।

# गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का शेयर पांच फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली ।** कनाडा स्थित फेयरफैक्स समूह समर्थित कंपनी गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस के शेयर निर्गम मूल्य 272 रुपये से पांच प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ गुरुवार को बाजार में सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 3.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 281.10 रुपये पर कारोबार शुरू किया। बाद में यह 11.39 प्रतिशत चढ़कर 303 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर यह 5.14 प्रतिशत उछाल के साथ 286 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 26,869.44 करोड़ रुपये रहा। साधारण बीमा कंपनी गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस को निर्गम के आखिरी दिन गत शुक्रवार को 9.6 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने 2,615 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 258-272 रुपये प्रति शेयर तय किया था। क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी एवं अभिनेत्री अनुष्का शर्मा भी कंपनी के निवेशकों में शामिल हैं। उन्होंने आईपीओ में कोई शेयर नहीं बेचा।

# मई में आईपीओ से अब तक जुटाए 9,600 करोड़

**नई दिल्ली ।** मई में अब तक आईपीओ से जुटाए गए फंड का आंकड़ा आठ महीनों की 9,606 करोड़ रुपए की ऊंचाई पर पहुंच गया है। यह पिछले महीने के आंकड़े 4,924 करोड़ रुपये से 95 प्रतिशत ज्यादा है। मई में 1,000 रुपये से ज्यादा के चार आईपीओ आ चुके हैं। इसमें सबसे बड़ा आईपीओ आधार हाउसिंग फाइनेंस का था, जिसने करीब 3,000 करोड़ रुपये आईपीओ से जुटाए थे। गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस की ओर से 2,615 करोड़ रुपये और इंडीजीन द्वारा 1,842 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। वहीं टीबीके टेक 1,550 करोड़ रुपये की राशि के साथ मई 2024 का चौथा सबसे बड़ा आईपीओ था। मई में आए सभी आईपीओ में जुटाए गए फंड में 6,400 करोड़ रुपये ओएफएस के तहत और 3,404 करोड़ रुपये फ्रेश इश्यू के तहत जुटाए गए हैं। इस महीने आए सभी आईपीओ में सबसे ज्यादा 86.69 गुना सब्सक्रिप्शन टीबीओ टेक आईपीओ को मिला था। इसके बाद इंडीजीन आईपीओ 70.3 गुना, आधार हाउसिंग 26.76 गुना और गो डिजिट का आईपीओ 9.6 गुना सब्सक्राइब हुआ है।

# आरबीआई के घरेलू गोल्ड रिजर्व में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास मार्च 2019 के आखिरी तक सोने का भंडार 612 टन था। वहीं 292 टन सोना घरेलू स्तर पर रखा गया था। आरबीआई के पास कुल 822 टन सोना था, आरबीआई ने 408 टन सोना देश के अंदर रखा हुआ है। सरप्लस फंड से आरबीआई सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपए देने की तैयारी में है। आरबीआई के घरेलू गोल्ड रिजर्व में बढ़ोतरी आई है। आरबीआई के 608वीं बैठक में अब तक का सबसे अधिक डिविडेंड पेआउट का निर्णय लिया गया। यह पिछले साल के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा है। पिछले वित्त वर्ष में आरबीआई ने 87,416 करोड़ रुपए का डिविडेंड पेआउट सरकार को दिया था। आरबीआई की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च 2019 और मार्च 2024 के बीच भारत का घरेलू गोल्ड रिजर्व 40 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके दौरान टोटल गोल्ड रिजर्व में 34 फीसदी की बढ़त आई है। इसी साल के अंत तक, आरबीआई के पास कुल 822 टन सोना था, जिसमें से 408 मीट्रिक टन सोना देश के अंदर रखा हुआ है। कुल सोने का भंडार मार्च 2019 के अंत तक 612 टन था, वहीं घरेलू स्तर पर 292 टन सोना रखा गया था।




# शेयर बाजार रिकार्ड तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 1197 , निफ्टी 369 अंक उछला

**मुम्बई ।**

घरेल शेयर बाजार गुरुवार को भारी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी वित्तीय कंपनियों के शेयरों में आई बढ़त से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स आज 1.61 फीसदी करीब 1196.98 अंक ऊपर आकर 75,418.04 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 1.64 फीसदी तकरीबन 369.85 अंक ऊपर आकर अपने सबसे अधिक स्तर 22,967.65 अंक पर पहुंच गया। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में एलएंडटी का शेयर सबसे ज्यादा 3.64 फीसदी बढ़कर 3586.15 के स्तर पर बंद हुआ। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, मारुति, इंडसइंड बैंक, एचडीएफ़सी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस, टीसीएस, स्टेट बैंक, इनफ़ोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के शेयर लाभ के साथ ही ऊपरा आये। बाजार में आज लगातार छठें कारोबारी सत्र में तेजी आई। वहीं आरबीआई ने केंद्र सरकार को पिछले साल की अपेक्षा 2.11 लाख करोड़ रुपये का दोगुने से अधिक लाभांश दिया है जिससे भी बाजार को बल मिला है।




पिछले साल ये 82 लाख करोड़ था। इससे भी बाजार में सकारात्मक माहौल था। दूसरी ओर एशियाई बाजारों में जापान का निक्की ग्रीन निशान में बंद हुआ जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्डेक, चीन का शंघाई स्टॉक एक्सचेंज और हांगकांग का हेंग संग इंडेक्स गिरावट में बंद हुआ। इसके अलावा ज़्यादातर यूरोपीय बाज़ारों में सकारात्मक माहौल रहा। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को सपाट स्तर पर खुले। शुरुआती सौदों में बेंचमार्क एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 5 अंक बढ़कर 74,226 के स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर निफ्टी50 4 अंक की तेजी के साथ 22,602 पर कारोबार कर रहा था। इस बीच व्यापक बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 0.3 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सेक्टरों में निफ्टी मेटल और फार्मा इंडेक्स एक-एक फीसदी कम रहे, जबकि निफ्टी रियल्टी और पीएसयू बैंक इंडेक्स में 1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

# पेटीएम के कर्मचारियों की हो सकती है छंटनी

## - आरबीआई की कार्यवाही से घाटे में कंपनी

**नई दिल्ली ।**

जब से आरबीआई ने इस पेटीएम कंपनी के खिलाफ सख्ती दिखाई है तब से कंपनी के कारोबार पर दबाव बढ़ गया है। पहले शेयरों में भारी गिरावट होने के बाद कंपनी का मार्केट कैप गिरा तो अब कंपनी को बिक्री घटने से नुकसान हुआ है। इस बीच खबर है कि अब कंपनी इस बुरे हालात से निपटने के लिए कर्मचारियों की संख्या में कटौती कर सकती है। एक न्यूज एजेंसी ने बताया कि पेटीएम ने सेल्स में पहली बार गिरावट के बाद संभावित रूप से नौकरियों में कटौती और गैर-प्रमुख संपत्तियों में कटौती की योजना का ऐलान किया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नियामक जांच और उसके बाद आए फैसले से कंपनी के संचालन पर काफी प्रभाव पड़ा है। फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस (पेटीएम) का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी अवधि में घाटा 167.5 करोड़ रुपये था। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व है। पेटीएम ने एक बयान में कहा कि हमारे वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के परिणाम यूपीआई लेनदेन पर अस्थायी व्यवधान और पीपीबीएल प्रतिबंध के कारण स्थायी व्यवधान से प्रभावित हुए। पेटीएम ने 2,267 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया। आरबीआई ने 15 मार्च से व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टैग में जमा, क्रेडिट लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया था। कंपनी ने बताया कि तिमाही में कंपनी ने पीपीबीएल में 39 प्रतिशत हिस्सेदारी




के लिए 227 करोड़ रुपये के निवेश को बट्टे खाते में डाल दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पेटीएम को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। जनवरी में केंद्रीय बैंक के फैसले से पेटीएम की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। इसके बाद यह चिंता बढ़ने लगी कि ग्राहक फोनपे और गूगलपे जैसे प्रतिस्पर्धियों का ओर रुख कर सकते हैं। पेटीएम ने मार्च तिमाही के दौरान लगभग 40 लाख यूजर्स खो दिए।

# ट्रेन का टिकट लेने के बाद भी यात्रियों को देना पड़ा 81 हजार जुर्माना!

नई दिल्ली । ट्रेन में यात्रा के दौरान यात्रियों को एक गलती भारी पड़ी। इन सभी को भारतीय रेलवे ने गिरफ्तार कर लिया। इनके पास टिकट था, लेकिन ये लोग स्टेशन में न उतरकर अपने-अपने गांव या घर के पास उतरना चाह रहे थे। इसके लिए चेन पुलिंग की थी। रेलवे ने इनसे भारी जुर्माना वसूला। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल में 1 अप्रैल से 21 मई 2024 में बिना पर्याप्त कारण के अलार्म चेन खींचने वाले 336 मामले सामने आये, जिसमे 335 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया एवं रेलवे एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत इनसे 81575 रुपये जुर्माने वसूले गए। ये यात्री अपने घर या गांव के पास ट्रेन रुकवा कर उतरना चाहे थे। उचित कारण के बिना चेन पुलिंग करना अपराध है। भारतीय रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे बिना किसी पर्याप्त कारण के अलार्म चेन न खींचे। इससे यात्रियों को असुविधा होती है। ट्रेन समय से नहीं चल पाती है। इसके अलावा कई बार देखा गया है कि इस तरह चेन पुलिंग से विद्यार्थियों के एग्जाम छूट जाते हैं, बीमार लोगों को समय से इलाज नहीं मिल पता है। रेलवे एक्ट में बिना वजह से चेन पुलिंग के मामले में 6 महीने से 1 साल की सजा एवं 1000 रुपये जुर्माने का प्रावधान है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in